अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,061.10
सोना 95,100
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 16 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**शुभांशु शुक्ला आठ जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जल संधि पर रहेगी रोक

## विदेश मंत्री एस.जयशंकर का पाकिस्तान को करारा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी**

**पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला**



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्थायी तौर पर सीमापार आतंकवाद खत्म नहीं करता। कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नए दूतावास का उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है, जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था, जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है, जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं, जो संभव हैं। सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान के परमाणु हथियार आईएईए की निगरानी में रखे जाएं: राजनाथ

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।



रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है।

आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है।

### जेएनयू की राह पर चला जामिया, तुर्की से की 'तौबा'

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की ने पाकिस्तान को मदद की। इसके बाद देशभर में तुर्की का बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। जामिया ने तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी तरह के समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। बुधवार को जेएनयू ने भी तुर्की के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया था।

# नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर अंतरिम रोक बरकरार रहेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**20 मई की सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे बहस के लिए दिए जाएंगे**

**वक्फ संशोधन कानून की विवादित धाराओं पर रोक का जारी रहना एक आशाजनक प्रगति: मौलाना मदनी**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह मंगलवार को करने का आदेश दिया।

अगली सुनवाई में अदालत, अंतरिम स्टे से संबंधित पक्षकारों की दलीलों को सुनेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर बहस के लिए वकीलों को दो-दो घंटे का समय दिया जाएगा, और विपक्षी और पक्ष को जवाब देने के लिए भी दो घंटे का समय दिया जाएगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि बहस के लिए वकीलों की नियुक्ति पक्षकारों पर छोड़ दी गई है, लेकिन दोनों पक्ष तय समय के अनुसार ही बहस कर सकेंगे। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने एक संक्षिप्त नोट तैयार किया है, जिसके आधार पर ही बहस की जाएगी। कपिल सिब्बल द्वारा तैयार नोट का जवाब केंद्र सरकार सोमवार तक अदालत में दाखिल करेगी, इस बात की पुष्टि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश को दी है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 20 मई को करेगा। कपिल सिब्बल के अनुरोध पर अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा विवादित धाराओं पर दी गई आश्वासन को अगली सुनवाई तक बरकरार रखने का आदेश दिया है। गुरुवार को भी अदालत में वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर बहस करने की अनुमति मांगी गई, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने अस्वीकार कर दिया और कहा -शेष पृष्ठ दो पर

### राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा परामर्श

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है।

## भारत-पाक सीजफायर पर पांच दिन बाद ट्रम्प का यू-टर्न

**पहले कहा था सीजफायर कराया, अब बोले- मैंने सिर्फ मदद की**

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत- पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत- पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मप्र के मंत्री पर भाजपा के एक्शन का इंतजार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि कर्नल सोफिया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक्शन की पूरे देश को प्रतीक्षा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया पहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा। उन्होंने कहा कि देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ, कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं।

### सीएम योगी तिलक विरोधी: अखिलेश

**अमेठी।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को अमेठी दौरे के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने योगी सरकार पर ब्राह्मण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तिलक विरोधी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से कई मुद्दों पर बातचीत की। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने मुख्यमंत्री को लेकर ये टिपण्णी कर दी। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि हमें अपनी बहादुर फौज पर गर्व है, हमारे फौजी दुनिया की जो फौजें हैं, उनसे कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करती हैं। कर्नल सोफिया के बारे में जो कहा भारतीय जनता पार्टी ने यही इनका चाल चरित्र चेहरा है।अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाई, आधी आबादी और जो पीड़ित हैं, दु:खी हैं, हम उसके साथ हैं। इससे पहले अखिलेश ने बीजेपी पर तंज भी खूब कसे और कहा कि भारतीय जनता पार्टी अमेठी में गुमशुदा है।

### बर्खास्त शिक्षकों ने राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय का किया घेराव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय 'विकास भवन' का शुक्रवार को हजारों बर्खास्त शिक्षकों ने घेराव कर अपनी बहाली की मांग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बर्खास्त शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उनकी नौकरी समाप्त किए जाने के खिलाफ था। शिक्षकों को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश द्वारा बर्खास्त किया गया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने कथित नकद- नौकरी घोटाले के बाद सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगभग 26,000 शिक्षकों को प्रभावित करने वाले एक फैसले के तहत वर्ष 2016 के पूरे पैनल की भर्ती रद्द कर दी थी। इस मामले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था और वह अब न्यायिक हिरासत में हैं।

## सीड पार्क, नई दुग्ध नीति को मंजूरी के प्रस्तावों पर मंजूरी

# योगी कैबिनेट में 10 प्रस्तावों पर मुहर

**लखनऊ।**

यूपी कैबिनेट की गुरुवार को लखनऊ में हुई बैठक में सीड पार्क से लेकर नई दुग्ध नीति, पंचायत उत्सव भवन समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज कैबिनेट में 10 अहम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर पर भी चर्चा हुई, जिसके बाद कैबिनेट द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को अभिनन्दन प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने यूपी में सीड पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। यह सीड पार्क भारत रत्न पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह जी के नाम पर होगा। इस पार्क को लखनऊ में 130.63 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसके लिए 251.70 करोड़ की लागत आएगी। नगर विकास विभाग में अमृत योजना अंतर्गत निकायों के निकाय अंश को घटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अमृत योजना 1 में 7 निकायों के 90 करोड़ धनराशि के निकाय अंश को माफ किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। उत्तरप्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इससे प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

नई दुग्ध प्रसंस्करण यूनिट स्थापना में पूंजीगत अनुदान 35 प्रतिशत किया जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग के लिए मेसर्स आरसीसीपीएल रायबरेली को सब्सिडी में सुधार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जेके सीमेंट प्रयागराज 450.92 करोड़, मून बेवरेज लिमिटेड हापुड़ 469.61 करोड़, सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर 403.88 करोड़, ग्लोबल स्पिलट्स लिमिटेड लखीमपुर 399.74 करोड़, चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभाओं के बैठकों आदि में होने वाले व्ययों के फंड को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी मिली। पंचायत उत्सव भवन के नामकरण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नागरिक उड्डयन विभाग में निदेशालय में संविदा पर कार्यरत कार्मिकों के पारिश्रमिक के पुनर्निधारण प्रस्ताव को मंजूरी मिली। कार्मिकों में (पायलट,को पायलट, इंजीनियर, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के कार्मिकों व तकनीकी गैर तकनीकी स्टाफ)को सातवें वेतन आयोग दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर के लिए 403.88 करोड़ रुपये मंजूर



■ चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी, लखनऊ में चौ. चरण सिंह के नाम पर होगा सीड पार्क

### यूपी में 30 करोड़ से ज्यादा की दवाएं जब्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी के निर्देश पर सरकार ने नकली दवाओं के गोरखधंधे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने पूरे प्रदेश में छापेमारी अभियान चलाकर 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस रद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, 6 दवा निर्माण कंपनियों और 5 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं।

### सचिवालय कर्मियों के 25 फीसद तक बढ़े भत्ते

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सचिवालय प्रशासन विभाग में तैनात अलग-अलग कैडर के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम योगी ने इन कर्मचारियों और अधिकारियों के विशेष भत्तों में 25 फीसद की बढ़ोतरी की है। गुरुवार को वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। योगी सरकार के इस फैसले से 3500 से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार के इस फैसले के बाद सचिवालय में कंप्यूटर तकनीशियन के विशेष भत्ते को अब 790 रुपये से बढ़ाकर 950 रुपये तक कर दिया गया है. इसके साथ ही सहायक समीक्षा अधिकारी और उनके समकक्ष वेतनमान अधिकारियों को जिन्हें अब तक विशेष भत्ते के तौर पर 1,070 रुपये दिए जाते थे, उसे बढ़ाकर 1,275 रुपये कर दिया गया है। इनके साथ ही समीक्षा अधिकारी का विशेष भत्ते में भी इजाफा किया गया है। इन अधिकारियों का विशेष भत्ता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दिया गया है। सचिवालय के अनुभाग अधिकारी के पदों के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतनमान 1,880 रुपये से बढ़कर 2,250 रुपये हो गए है। सचिवालय सेवा के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतन पैमाने के अधिकारियों को अब 1,940 रुपये दिए जाते थे, जिन्हें बढ़ाकर 2,350 रुपये से बढ़कर किए गए हैं। सचिवालय सेवा उपसचिव के विशेष भत्ते को 2,070 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया गया है। संयुक्त सचिव व उनके समकक्ष अधिकारियों का विशेष भत्ता 2,500 से 2,700 रुपये हो गया है। सचिवालय सेवा के विशेष सचिव और इसके समकक्ष वेतनमान के अधिकारी को 2,500 रुपये विशेष भत्ता मिलता था, जो अब बढ़कर 3,000 रुपये हो गया है।

## जाति जनगणना पर कांग्रेस के दबाव में झुके मोदी: राहुल गांधी

**दरभंगा, वार्ता**



■ तेलंगाना की तर्ज पर की जानी चाहिए जनगणना

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन उनकी (श्री गांधी) ओर से लगातार जारी दबाव में आकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना कराने की घोषणा की है।

गांधी ने गुरुवार को यहां जिला प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे। यह उनका दबाव था, जिसने मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर जाति गणना पूर्ण हुई, तो यह समाज के वंचित और उत्पीड़ित वर्ग के हित में होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई। अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए। गांधी ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है। हालांकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सूचीबद्ध मजदूरों में उनकी संख्या सबसे अधिक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को निजी संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। इन वर्गों के आरक्षण के लिए कानून तो है, लेकिन इसे न तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और न ही बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार लागू कर रही है।

## राहुल को संवाद करने से रोकने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते थे राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह बिहार के दरभंगा में अम्बेडकर हॉस्टल में दलित तथा पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हालांकि संविधान और लोकतंत्र में तानाशाही से कोई उन्हें रोक नहीं सकता है।

गांधी को दलित छात्रों से संवाद करने से रोकने की खबर आते ही कांग्रेस का गुस्सा भड़क गया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के इस प्रयास को तानाशाही करार दते हुए इसे निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार न्याय और क्रांति की धरती है और वहां की जनता इस तरह की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बिहार में एनडीए की 'डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार' मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया। नीतीश आप किस बात से डर रहे हैं। क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं। भारत लोकतंत्र है, संविधान से चलता है, न कि तानाशाही से, हमें सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए आवाज़ उठाने से कोई नहीं रोक सकता। खड़गे ने कहा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है। क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बात. चीत करना कोई पाप है।

### सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करने को करेंगे जय हिंद सभाएं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों की सशक्त जवाबी कारवाई को सलाम करने के लिए पार्टी देशभर जय हिंद सभाओं का आयोजन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए आज बताया कि कांग्रेस सशस्त्र बलों की सर्वोच्च वीरता और सफलता को सलाम करने के लिए पूरे भारत में 'जय हिंद सभा' आयोजित करेगी।

## लखनऊ में चलती एसी बस में आग, पांच लोग जिंदा जले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला बिहार से दिल्ली जा रही थी

**लखनऊ।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### बलरामपुर में ट्रक-कार में भिड़ंत, पांच मरे, आठ घायल

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चकवा चौकी के पास गुरुवार देर रात हुई भीषण सध्क दुर्घटना में बारात से लौट रहें एक ही परिवार के पांच लोगो की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र के कस्बा से पिंटू कुमार अपने परिवार संग कार से श्रावस्ती जिले के भालुहिया वीरपुर गांव में बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था उन्होंने बताया कि इस हादसे में अजय कुमार (35), फूल बाबू (35), विजय कुमार (40), शिवकुमार (22) और मासूम आदित्य (8) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### ट्रक की आटो में टक्कर छह की मौत, तीन गंभीर

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ट्रक ने सवारियों से भरे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो चुका था। सभी घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। यह हादसा कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांगरमऊ संडीला मार्ग पर हुआ। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि गुरुवार को सुबह पौने नौ बजे कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांग. रमऊ संडीला मार्ग पर यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर घायल हैं, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है। दो को लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर संडीला सीओ सतेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर सीएचसी संडीला भेजा।

## अर्थ व्यापार

## चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तूफानी तेजी

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25062.10 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,625.55 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत की तेजी लेकर 50,450.47 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2637 में तेजी जबकि 1327 में गिरावट रही, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2942 कंपनियों के शेयरों में से 1980 में लिवाली जबकि 890 में बिकवाली हुई, वहीं 72 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.15, हेल्थकेयर 0.71, इंडस्ट्रियल्स 1.62, आईटी 1.25, दूरसंचार 1.02, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 1.86, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.99, धातु 1.60, तेल एवं गैस 1.01, पावर 0.98, रियल्टी 1.87, टेक 1.36, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.20, जापान का निक्केई 0.98, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.68 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 81,354.43 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,762.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं दमदार लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,718.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,330.56 अंक के मुकाबले 1.48 प्रतिशत उछलकर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 28 अंक उठकर 24,694.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,494.45 अंक के निचले, जबकि 25,116.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,666.90 अंक की तुलना में 1.60 प्रतिशत की उड़ान भरकर 25,062.10 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक की 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल हुई महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों की भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 69 रिंगिट लुढ़ककर 3831 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.00 सेंट गिरावट लेकर 49.42 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**समूचे आतंकी...**

चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डा. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि उसकी सेना पर और पाकिस्तानी सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और वे कितना कम नुकसान कर पाये। यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

**नए वक्फ कानून....**

कि केवल उन्हीं पांच याचिकाओं पर बहस की अनुमति दी जाएगी, जिन्हें अदालत ने निर्धारित किया है। अन्य किसी याचिका पर बहस की अनुम. ति नहीं दी जाएगी। अदालत द्वारा निर्धारित पांच याचिकाओं में मौलाना अरशद मदनी की याचिका प्रथम क्रमांक पर है, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। अगली सुनवाई में अदालत वक्फ संशोधनों पर अंतरिम स्टे से संबंधित ही सुनवाई करेगी, यह स्पष्टीकरण मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार की सुनवाई के दौरान दिया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार की कानूनी प्रगति पर कहा कि आशा. जनक बात यह रही कि विवादित धाराओं पर रोक को अदालत ने बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे का समय बहस के लिए दिया गया है, यह इस बात का संकेत है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द इसकी सुनवाई पूरी करना चाहती है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि इस पर अदालत का अंतिम फैसला शीघ्रता से आ जाए, क्योंकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक के बावजूद कई स्थानों पर मस्जिदों और दरगाहों को अवैध करार देकर गिरा दिया गया है। इसमें उत्तराखंड स्थित एक वक्फ दरगाह का मामला भी शामिल है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे ज़िलों में कई मदरसों, कब्रिस्तानों, ईदगाहों ही नहीं, बल्कि कई मस्जिदों को भी अवैध या सरकारी जमीन पर स्थित बताकर तोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान की सर्वोच्चता को खत्म कर चुके हों, उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे कानून का सम्मान करेंगे? ये वही लोग हैं, जो सत्ता के नशे में खुद को ही कानून समझ बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ 'दान' (चैरिटी) का ही एक रूप है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वक्फ को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद ग़लत प्रचार किया गया है और बहुसंख्यक समुदाय को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई है कि वक्फ की आड़ में मुसलमानों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है, जबकि दुखद सच्चाई यह है कि वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकार ने ही कर रखा है। यह वक्फ संशोधन कानून इसलिए लाया गया है, ताकि इस अवैध कब्जे को कानूनी जामा पहनाने के साथ-साथ अन्य वक्फ संपत्तियों पर भी कब्जा करने का रास्ता आसान किया जा सके। गौरतलब है कि वक्फ कानून के लागू होने के बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से की थी, जिसके बाद यह मामला तीन बार सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं हो सका। वक्फ संशोधन कानून पर राष्ट्रपति महोदया की मंजूरी मिलने के बाद मौलाना अरशद मदनी ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मौलाना अरशद मदनी की ओर से एडवोकेट आन रिकार्ड फुज़ैल अय्यूबी ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें लिखा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन व वक्फ के लिए विनाशकारी है।

## विजय शाह के घर चले बुलडोजर: जमीयत

■ मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें: रशीदी

**लखनऊ।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिन्द भी खुलकर सामने आ गई है। जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा की भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्ति. जनक टिप्णी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त कर देशद्रोह के आरोप में जेल में डाल देना चाहिए।

मोलाना काब रशीदी ने भाजपा पर सवाल उठाते हुआ कहा कि अब कहां है आपका बुलडोजर ? जो कल तक देश के मुसलमानों को डसते थे। अब वो विदेश सचिव और सेना को डस रहे हैं, पीएम कार्यालय क्यों खामोश है। हमारे पीएम और विदेश मंत्री क्यों नहीं बोल रहे? देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए राजनीतिक हितों को नहीं देखना चाहिए। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। उस मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें। मौलाना काब रशीदी ने कहा कि देश में मानसिक रोगियों का एक ऐसा टोला है, जो मुसलमानों को गालियां देते देते अब देश को गाली देने लगा है ये वो लोग हैं, जिन्हें यह सिखाया जाता है कि ये मुसलमानों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से जहर फैलाएं और आग उगलें। आज ऐसे समय में जब भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ है और पूरा देश एकजुट है। जम्मू कश्मीर तक के लोग तिरंगे की आन बान शान के लिए एक साथ लाल चौक पर खड़े हैं और कर्नल सोफिया कुरैशी, जिसने सबसे पहले देश को जानकारी दी थी और जो महिला देश का स्वभिमान बढ़ाने वाली है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सिविल इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

■ जेब से मिले सुसाइड नोट पर पुलिस ने शुरू की छानबीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल इंजीनियर ने शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अपने रूम पार्टनर पर प्रताडित करने का आरोप लगाया जिस पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श कालोनी निवासी उदित कुमार (30 वर्षीय) पुत्र रविन्द्र कुमार दिल्ली की एक कंपनी में सिविल इंजीनियर था। पिछले दो माह से उसकी नौकरी छूट गई हुई थी। वर्तमान में वह नोएडा में रहकर जॉब की तलाश कर रहा था। वह अक्सर शालीमार एक्सप्रेस से आता-जाता था। गुरुवार को भी वह घर से स्टेशन जाने के लिए निकला था। जीआरपी थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया गुरुवार को शालीमार एक्सप्रेस से एक युवक के कटने की सूचना मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए उसकी जेब की तलाशी कराई तो उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। जेब से मिले अन्य दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त के लिए परिजनों को बुलाया गया। परिजनों ने शिनाख्त उदित कुमार के रूप में की। जेब से मिले सुसाइड नोट में उसने अपने रूम पार्टनर पर प्रताडित करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि उसका लैपटॉप को लेकर अपने रूम पार्टनर से विवाद हो गया था।

सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। जीआरपी थानाप्रभारी संदीप कुमार का कहना कि सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी परिजन थाने पर नहीं पहुंचे हैं।

मृतक के मामा चंद्र प्रकाश लाटियान ने बताया कि उदित दिल्ली जाने के लिए गुरुवार सुबह घर से निकला था। हादसे के बाद ट्रेन पांच मिनट तक स्टेशन पर ही खडी रही।

# मांगों के समर्थन में सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

■ सत्रह सूत्रीय मांग पत्र ईओ को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी महासंघ के बैनर पर प्रदर्शन करते हुए सफाईकर्मियों ने जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों ने ईओ डा. प्रज्ञा सिंह को ज्ञापन दिया, वहीं पालिका प्रांगण में महर्षि वाल्मीकि भगवान की मूर्ति की स्थापना कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान ने कहा कि पालिका में कार्यरत सभी स्थाई कर्मचारी जिनका अभी तक 10 वर्ष, 16 वर्ष व 26 वर्ष के पश्चात लगने वाला एसीपी नहीं लगाया गया है शीघ्र लगाया जाये और उनके एरियर का भुगतान भी किया जाये। स्थाई सफाई कर्मचारियों की मृत्यु के उपरान्त उनके आश्रितों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर स्थाई नौकरी दी जाये। सेवानिवृत्ति के पश्चात व मृतक सफाई कर्मचारियों के समस्त देयों का भुगतान शीघ्र किया जाये। सफाई कर्मचारियों, सफाई नायकों की दो ठण्डी वर्दी देय हैं जिनमें से एक वर्दी लम्बित चली आ रही है उसका तुरन्त भुगतान किया जाये। बरसात से बचने के लिए प्रत्येक कर्मचारी को रेनकोट दिया जाये। कर्मचारियों का वेतन दिया जाए और संसाधन उपलब्ध कराए जाए। वहीं वर्तमान सफाई कर्मचारी संघ का कार्यकाल नवम्बर 2024 में पूरा हो चुका है। नये संगठन का चुनाव जल्द से जल्द कराया जाये।

# भीषण गर्मी में भी नहीं सुधरे पेयजल संसाधन

## ईओ ने सहायक अभियंता जलकल को लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में भी शहर के प्रमुख चौराहों से लेकर कालोनियों के भीतर पेयजल के संसाधन खराब पडे हैं। और नगर पालिका का जलकल विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोडे हुए हैं पेयजल संसाधनों की पर्याप्त मरम्मत एवं सुचारू व्यवस्था नहीं होने पर अधिशासी अधिकारी ने सहायक अभियंता जलकल को नोटिस जारी किया, लेकिन वह इसका स्पष्टीकरण नहीं दे सके तो अधिशासी अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह ने कडा रूख अपनाया उन्होंने जलकल विभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन रोकने की चेतावनी दी है।

दरअसल भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन शहर में लगे वाटर कूलर, हैंडपंप समेत पेयजल संसाधनों को लेकर कार्य योजना बनाई। इसके बाद वाटर कूलर, हैंडपंपों की मरम्मत के लिए हापुड की एक कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी को जलकल विभाग के साथ मिलकर काम करना है। ईओ ने जांच कराई तो शिव चौक, भोपा फ्लाईओवर के नीचे महावीर चौक समेत कई स्थानों पर वाटर कूलर खराब पडे मिले। खराब पडे पेयजल संसाधनों को लेकर अधिशासी अधिकारी डा. प्रज्ञा सिंह ने सहायक अभियंता जलकल सुनील कुमार को नोटिस जारी किया था। जिसमें कहा कि पेयजल के कितने संसाधन दुरूस्त कराए गए हैं, और कितने अभी शेष है। मरम्मत में देरी के कारणों की जानकारी मांगी गई।

सहायक अभियंता गुरुवार तक स्पष्टीकरण नहीं दे सके तो ईओ भडक गई और उन्होंने जलकल विभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन रोकने की चेतावनी देते हुए लताड लगाई वहीं, भोपा फ्लाईओवर के नीचे एक माह से पेयजल लाइन में लीकेज की शिकायत पर अवर अभियंता को ईओ ने फटकार लगाई। तत्काल लीकेज को दुरूस्त कराया गया। अधिशासी अधिकारी डा. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पेयजल संसाधन खराब मिलने की शिकायत मिल रही है। इसको लेकर सहायक अभियंता को नोटिस दिया गया था। फिलहाल पेयजल संसाधनों की मरम्मत नहीं होने पर जलकल विभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने की चेतावनी दी है।

# महेंद्र सिंह टिकैत के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

■ पुण्य तिथि पर जाट महासभा में की गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू संस्थापक व किसानों के मसीहा बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि पर जनपद जाट महासभा के जिलाध्यक्ष के आवास पर भाकियू के यज्ञ एवं विचार गोष्ठी कर उनके चित्र पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने उनके बताए रास्ते एवं आदर्शों पर चलने संकल्प लिया वहीं जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालिया ने प्रशासन के सहयोग से टिकैत चौक पर बाबा टिकैत की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया। जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि किसानों को जागृत करने व उनके हकों के लिए ताउम्र संघर्ष करने वाले बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता। कभी भोला भाला किसान एक लेखपाल को देखकर डर जाता था, लेकिन आज किसान बेधडक होकर जिलाधिकारी और एसएसपी से भी अपनी बात कहने में भी नहीं हिचकिचाता। यह देन चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की है। गोष्ठी में जयवीर सिंह, राधेश्याम बिट्टू सिखेडा, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश बालियान व ओंकार अहलावत, राहुल पवार अनुज बालियान, सत्येंद्र राणा यशपाल सिंह अनुज बालियान, डा. जीत सिंह तोमर, रमेश तोमर, विराज तोमर, रमेश तोमर, रमेश बालियान आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर खड़े छात्र को गोली मारी

■ इससे पहले पचैंडा रोड पर आरोपियों ने जमकर मचाया उत्पात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बचन सिंह कालोनी में टशनबाजी में हमलावरों ने घर के बाहर खडे छात्र को गोली मार दी। छात्र सीने में गोली लगने से सडक पर नीचे गिर गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। हमलावरों ने छात्र को गोली मारने से पहले पचैंडा रोड पर जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने एक युवक से मारपीट की। वही एक दुकानदार को तमंचा दिखाकर आर्तां. कत किया। पुलिस ने दो हमलावरों को दबोच लिया।

बचन सिंह कालोनी निवासी यश शर्मा बीबीए का छात्र है। छात्र की गुरुवार को एलेक्स उर्फ वतन बालियान से विवाद हो गया था। रात्रि में लगभग साढे 12 बजे छात्र के दोस्त का फोन आया कि उसका एक्सीडेंड हो गया है। वह उसे देखने के लिए घर के बाहर खडा होकर अपने अन्य साथी को इंतजार कर रहा था। इसी बीच दो बाइकों पर सवार होकर छह युवक मौके पर पहुंचे और छात्र को देखकर उसके साथ गालीगलौज कर गोली मार दी। छात्र को सीने में गोली लगी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। घायल को जिला अस्पताल भिजवा दिया, जहां से उसे रेफर कर दिया। बताया जा रहा कि हमलावरों ने छात्र को गोली मारने से पहले पचैंडा रोड पर वाहनों को दौडाकर जमकर उत्पात भी मचाया था।

उन्होंने एक युवक से रास्ते में मारपीट की, जबकि एक व्यक्ति को नाले में धक्का देकर गिरा दिया। आरोपियों ने एक दुकान पर पहुंचकर तमंचा दिखाकर उसे आतंकित भी किया था। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि छात्र की मां की तहरीर पर अमन निवासी भौकरहेडी, एलेक्स उर्फ वतन बालियान, अर्जुन निवासी कूकडा, हर्षित निवासी बसेडा व कुणाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपी अर्जुन व कुणाल को पकड लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।



मुजफ्फरनगर: जानसठ रोड पर बाबा टिकैत को पुष्पांजलि करते जाट महासभा के पदाधिकारी।

# शुकतीर्थ स्थित सतगुरू रविदास मंदिर आएंगे योगी

■ पीठाधीश्वर महंत गोरधनदास महाराज ने दिया न्यौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर, शुक्रताल (मुजफ्फरनगर) के पीठाधीश्वर महंत गोरधनदास महाराज भी उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान मंत्री कपिल देव एवं महंत गोरधनदास महाराज ने मुख्यमंत्री योगी को आगामी 11 जून 2025 को शुक्रताल स्थित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर में आयोजित होने वाले विशाल संत समागम एवं सत्संग कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण एवं संत परंपरा के गौरवशाली विचारों के प्रचार-प्रसार हेतु एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें देशभर से लाखों संत-महात्मा, भक्तजन एवं श्रद्धालु बडी संख्या में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि संत परंपरा और आध्यात्मिक आयोजनों का समाज निर्माण में विशेष महत्व है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की और यहाँ आगमन की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों एवं जनसहयोग से हो रहे आध्यात्मिक सामाजिक प्रयासों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मंदिर की गतिविधियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री कपिल देव ने बताया कि यह भेंटवार्ता समरस समाज और संत परंपरा की सशक्त अभिव्यक्ति रही। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रबल समर्थक और संवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के यहाँ आगमन से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा बल्कि सामा. जिक समरसता को भी एक नई दिशा प्राप्त होगी।



# भाकियू (अ) ने स्थापना दिवस पर बाबा टिकैत को श्रद्धासुमन अर्पित किए

■ जीआईसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा स्थापना दिवस पर गोष्ठी आयोजित कर कार्यकर्ताओं का आभार जताया। साथ ही महेन्द्र सिंह टिकैत सहाब को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। स्थानीय राजकीय इंटर कालेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने संगठन के तीन वर्ष के सफर में सहयोग के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा इस छोटी सी अवधि में यह सफर संघर्ष, समर्पण और किसानों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने का रहा है। उन्होंने कहा कि हमें स्थापना दिवस आत्मचिंतन और भविष्य की राह तय करने का अवसर देता है। याद रखना होगा कि हमारी एकता ही हमारी सबसे बडी ताकत है। किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा। कई बार किसानों के मुद्दों पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री केंद्रीय वित्त मंत्री गन्ना आन्दोलन आलू भण्डार बिजली व चकबंदी मे दमदार संघर्ष के माध्यम से संगठन के विचारों को संघर्ष के माध्यम से किसने की सेवा में 100 प्रतिशत अपना योगदान दिया। इससे पूर्व सभी ने बाबा टिकैत की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण कर उनके संघर्ष को अपना आदर्श मानकर आगे बढाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में संजीव सहरावत, सुधीर पंवार,विनीत त्यागी, अंकित जावला, विदुर त्यागी, शुभम त्यागी, नाजिम त्यागी, मोहित त्यागी, नीरज मलिक आदि शामिल रहे।

## बिना अनुमति चल रहा होटल सील

**मुजफ्फरनगर।** नगर मजिस्ट्रेट ने पुलिस बल के साथ भोपा रोड स्थित कहीं होटल की चेकिंग की तो रॉयल नाइन नामक होटल बिना वैध अनुमति के चला पाया गया जिसे नगर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सील कर दिया गया। होटल बिना अनुमति के चलाए जा रहे हैं जिनमें सरकार द्वारा अनुमन्य सुविधा भी नहीं है और उचित सुविधाओं के अभाव में कभी भी ऐसे होटल में कोई अनहोनी घट सकती है। नगर मजिस्ट्रेट ने आज जब दलबल के साथ भोपा रोड स्थित होटल रॉयल नाइन पर छापा मारा तो वहां भारी संख्या में अनियमितताएं देखने को मिली। होटल मैनेजर नगर मजिस्ट्रेट को मौके पर ने तो सारी अधिनियम के तहत मिलने वाले लाइसेंस की प्रति ही दिखा पाया और ने ही फायर तथा फूड लाइसेंस की प्रक्रिया जिस पर नगर में स्टेट ने अन्य में मिलने पर होटल को सील करने तथा पुलिस कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने मारा आईसक्रीम फैक्ट्रियों पर छापा, दस से अधिक नमूने भरे

■ डीएम के निर्देश पर चलाया गया विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खाद्य पदार्थो में मिलावट की शिकायत मिलने पर डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की है। कृष्णापुरी व इंदि. रा कॉलौनी सहित कई स्थानों पर चल रही आईस्क्रीम फैक्ट्रियों की जांच में टीम को कमियां मिली। इस दौरान आईसक्रीम की जांच के लिए 10 से ज्यादा नमूने जब्त किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सहायक आयुक्त अर्चना धीरान ने बताया कि गर्मी के चलते खाद्य पदार्थ में मिलावट के विरुद्ध विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को इंदिरा कालोनी स्थित मैसर्स रियल क्वालिटी आइसक्रीम पर जांच की।

इस दौरान आइसक्रीम मैंगो फ्लेवर, आइस क्रीम स्ट्रॉबेरी तथा ऑरेंज एमल्शन का एक-एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। उक्त प्रतिष्ठान को आइसक्रीम एवं आइसकैंडी बनाने में प्रयोग किया जा रहे हैं।

पानी की जांच कराने तथा प्रतिष्ठान में साफ सफाई ठीक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कृष्णापुरी स्थित मेसर्स शुद्ध वैली आइसक्रीम से आइसक्रीम, मिल्क क्रीम तथा आइसकैंडी घोल का एक-एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया।

वहीं प्रतिष्ठान में सफाई व्यवस्था बेहतर करने हेतु निर्देशित किया गया। इस प्रकार कुल 6 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी तथा मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

# कस्तूरबा गांधी की छात्राओं को लगा सर्वाइकल का टीका

■ इनर व्हील क्लब के शिविर का सीएमओ ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव की भी जानकारी दी गई। इनर व्हील क्लब आफ के बैनर पर आयोजित शिविर में टीकाकरण किया गया। इसमें कुल 62 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई, जिसमें 50 बालिकाओं को वैक्सीन दी गई। 12 बालिकों को पहले ही यह डोज लगाई गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विशाल प्रिया टंडन ने फीता काटकर की गई। इस कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर सीएमओ डा. सुनील तेवतिया रहे, जिनके मार्गदर्शन में संपूर्ण टीकाकरण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान चेयरमैन पीडीसी संतोष शर्मा, क्लब प्रेसिडेंट डॉ. ऋकू एस. गोयल और क्लब सेक्रेटरी टीना गुप्ता, डॉ. दीप्ति अग्रवाल, ऋतु जैन, पारुल मित्तल, आशु आनंद, और कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन बबीता ने मिलकर बालिकों को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया।

# वन स्टॉप सेंटर मैनेजर की जांच को दो सदस्यीय कमेटी का गठन

■ डीएम ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी को दी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला प्रोबेशन कार्यालय में हुए हंगामे के बाद डीएम उमेश मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए वन स्टाप सेंटर की मैनेजन पूजा नरूला के खिलाफ जांच बैठा दी है। जांच के लिए दो सदस्य कमेटी बनाई है, जो मैनेजर पर लगे आरोपों की जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौपेंगी। इसके बाद आरोपी सेंटर मैनेजर पर कार्रवाई होगी। वन स्टाप सेंटर मैनेजर आउट सोर्स पर विभाग में तैनात है। पिछले दिनों गाजावाली निवासी दीपा रानी ने जिला प्रबोशन कार्यालय पर पहुंचकर वन स्टाप सेंटर मैनेजर की शिकायत की थी, लेकिन जिला प्रोबेशन कार्यालय में महिला को प्रवेश नहीं मिलने पर पीडिता ने अन्य लोगों ने साथ कार्यालय के बाहर ही वन स्टाप सेंटर मैनेजर से वार्ता की। इस दौरान सेंटर मैनेजर पूजा नरूला पर आरोप लगाया कि उन्होंने विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ लाख रुपये लिए हैं, लेकिन इस दौरान पूजा नरूला पीडिता पर ही उसका मकान खरीदने की बात करने लगी। इसके बाद पीडिता ने यह भी आरोप लगाए कि पूजा नरूला ब्याज अवैध रूप से रुपये देती है और चौक लेकर लोगों को फंसाती है। काफी हंगामे के बाद भी जिला प्रोबेशन विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया, जिसके बाद पीडिता डीएम उमेश मिश्रा ने मिली। डीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए डीपीओ संजय कुमार मामले मेंजानकारी ली और जांच कमेटी गठित करने कार्रवाई के निर्देश दिए। डीपीओ संजय कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश पर दो सदस्य जांच कमेटी बनी है, जिसमें एसडीएम मोनिलिसा जौहरी और जिला समाज कल्याण अधिकारी को जांच कमेटी में शामिल किया है। एक सप्ताह के अंदर दोनों अधिकारी जांच कर रिपोर्ट डीएम को देंगे। इसके बाद आगे का निर्णय लेंगे।

# दहेज हत्या में महिला के पति को दस साल की कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला की हत्या के मामले में एफटीसी कोर्ट नम्बर 2 ने आरोपी पति को दस साल की सजा व 35 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने महिला की सास को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी अरुण कुमार जावला ने बताया कि सहारनपुर थाना क्षेत्र के बडगांव थाना क्षेत्र के गांव शब्बीरपुर निवासी इंदर रस्तौगी ने अपनी बहन की शादी सारिका की शादी वर्ष 2014 में अंकुर जैन निवासी मोहल्ला छिंपीवाडा मोतीमहल थाना शहर कोतवाली के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग के लिए उसकी बहन का उत्पीडन कर रहे थे।

आरोप था कि 11 फरवरी 2018 को पति अंकुर जैन व सास रेखा जैन ने उसकी बहन की दम घोटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में पति व सास के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई एफटीसी कोर्ट नम्बर 2 की न्यायाधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पति को दस साल की सजा व 35 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सास रेखा को बरी कर दिया है।

# युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को दस साल की सजा

**मुजफ्फरनगर।** युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने दस साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर दस हजार का जुर्माना भी लगाया है। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट में हुई थी। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने बताया कि शामली थाना क्षेत्र के कांधला थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने गत 22 सितम्बर 2017 को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बेटी सुबह के लिए शौच के लिए गयी थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। काफी तलाश करने पर बेटी का कुछ पता नहीं चला। उसके बाद जानकारी हुई कि बेटी को कांधला थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा निवासी मुकेश अपहरण कर ले गया। आरोपी ने जयपुर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट अलका भारती की कोर्ट में हुई। एडीजीसी विक्रांत राठी ने बताया कि घटना को साबित करने के लिए सात गवाह कोर्ट में पेश किए गए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को दस साल की सजा व उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।



मुजफ्फरनगर: गर्मी में धूप से बचकर जाती महिलाएं।

## चाईनीज मांझे में उलझे बाज को बचाया

**मुजफ्फरनगर।** कलेक्ट्रेट परिसर में एक अनूठी मानवता की मिसाल देखने को मिली। कलेक्ट्रेट के एक पेड पर चाइनीज मांझे में फंसा एशियन ईगल प्रजाति का बाज मिला। जिला पंचायत कर्मचारी सरताज ने पेड पर चढ़कर घायल बाज का रेस्क्यू किया।

बाज की हालत नाजुक थी। चाइनीज मांझे की वजह से उसके पैर की हड्डी टूट गई थी। सरताज ने बाज को अपने घर ले जाकर उसका इलाज शुरू किया। उन्होंने एक पिंजरे में बाज को रखा और उसकी देखभाल करने लगे। सरताज बाज के खाने-पीने और दवाई का पूरा ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक बार बाज को छोडा गया था, लेकिन वह उडकर फिर उनके पास लौट आया। अब बाज की हालत में सुधार हो रहा है।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# अशोक मार्केट सड़क विवाद: एसडीएम से वार्ता बेनतीजा, निर्माण अधर में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** दुर्गापुरी और अशोक मार्केट नंबर चार गली में पिछले दस महीनों से चल रहा विवादित सडघ्क निर्माण मामला एक बार फिर बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गया। सोमवार को तहसील में एसडीएम संजय सिंह की अध्यक्षता में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। एसडीएम ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मौके पर पहुँच जांच पड़ताल कर ठोस निर्णय लेने बाद कार्रवाई करने की बात कही।



दस माह पूर्व से चल रहे विवादित सड़क का मामला तहसील में एसडीएम दरबार मे पहुँचा जहां एसडीएम संजय सिंह के समक्ष दोनों पक्षों ने अपनी अपनी समस्या रखी। जिसके बाद एसडीएम ने अलग अलग दोनों पक्षों दे भी वार्ता करने के बाद पालिका अधिकारियों से भी वार्ता की जहाँ वार्ता के दौरान शिकायतकर्ता पूर्व भाजपा कोषाध्यक्ष व सभासद विकास कौशिक ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने सडक पर अतिक्रमण कर रखा है, जिसके कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। वहीं, दूसरे पक्ष के भाजपा कोषाध्यक्ष कुशांक ग्रोवर ने अतिक्रमण से इनकार करते हुए पूर्व की भांति सडक निर्माण कराने की मांग की। बैठक में एसडीएम संजय सिंह ने कहा कि वह स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करेंगे और जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा।वार्ता में अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, अवर अभियंता सुरेंद्र पाल सिंह समेत सैकडों स्थानीय लोग मौजूद रहे। वार्ड की महिलाओं ने भी एसडीएम से सड़क निर्माण शीघ्र कराने की मांग करते हुए कहा कि विवाद के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह विकास कार्य राजनीति की भेंट चढता जा रहा है, जिससे क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। नगर वासियों ने एसडीएम से इस विकराल समस्या को जल्द से जल्द समाप्त कर सड़क का निर्माण कराने की मांग की।

## सड़क बनी वर्चस्व की जंग, दो भाजपा नेताओं के टकराव में जनता हो रही परेशान

**खतौली।** दुर्गापुरी से अशोक मार्केट नंबर चार गली तक प्रस्तावित सडघ्क अब महज विकास कार्य न रहकर दो भाजपा नेताओं के बीच 'मूछ की लडघई' का मैदान बन गई है। बीते दस महीनों से अटकी इस सडक का निर्माण जहां आमजन की प्राथमिक जरूरत है, वहीं अब यह राजनीतिक प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। दोनों भाजपा नेता अपने-अपने पक्ष के राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर सरकारी मशीनरी पर दबाव बनाने में जुटे हैं। शिकायतकर्ता भाजपा पूर्व कोषाध्यक्ष व सभासद विकास कौशिक द्वारा अतिक्रमण का आरोप लगाए जाने के बाद दूसरे पक्ष के भाजपा कोषाध्यक्ष कुशांक ग्रोवर ने पूर्व की स्थिति के अनुसार निर्माण की मांग की है। दोनों नेता अपने-अपने दावों पर अडघे हैं और झुकने को तैयार नहीं, जिससे विवाद लगातार बढघ्ता जा रहा है।इस राजनीतिक रस्साकशी में नगरवासी भारी परेशानी झेल रहे हैं। आधी अधूरी सड़क के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। नगर में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और लोग जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो यह विवाद तनाव के चलते बड़ा हो सकता है।

# पशु पालन व वन विभाग टीम ने किया वेटलैंड का दौरा

■ **निगरानी टीम आपात स्थिति से निपटने को तैयार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू को लेकर जारी अलर्ट के बाद जिले के प्रसिद्ध हैदरपुर वेटलैंड में वन्य एवं प्रवासी पक्षियों में किसी भी प्रकार की बीमारी या असामान्य मृत्यु दर की जांच के लिए पशुपालन विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने दौरा किया।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिक.ारी डॉ. जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में यह टीम गंगा बैराज के निकट स्थित इस जल प्लावित क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान पक्षियों के स्वास्थ्य का गहन निरीक्षण किया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्षी में बर्ड फ्लू या अन्य किसी बीमारी के लक्षण नहीं पाए गए हैं, और न ही किसी सामूहिक मृत्यु की घटना सामने आई है।

टीम के निरीक्षण के दौरान वन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. गुप्ता ने निर्देश दिए कि वेटलैंड में लगातार निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। साथ ही, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नजदीकी मुर्गी फार्मों और प्राकृतिक जल स्रोतों का भी नियमित निरीक्षण करें तथा बर्ड फ्लू से संबंधित जागरूकता फैलाएं।

जानसठ क्षेत्र के वन क्षेत्र अधिकारी आरिफ जमाल ने बताया कि अब तक क्षेत्र में बर्ड फ्लू के कोई लक्षण नहीं मिले हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर निगरानी और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाए जा रहे हैं।

वेटलैंड घूमने आने वाले पर्यटकों को सैनिटाइज कराया जा रहा है ताकि संक्रमण का कोई खतरा न रहे। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल हैदरपुर वेटलैंड पूरी तरह सुरक्षित है और यहां आने वाले प्रवासी पक्षी स्वस्थ हैं। वन विभाग द्वारा निगरानी टीम क्षेत्र में लगातार सक्रिय है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# इंसानियत सबसे बड़ा धर्म, पहलगाम की निन्दा

**तितावी।** बघरा स्थित आज दरगाहे आलिया में सालाना इस्लाही मजलिस का आगाज हो चुका है देश के कोने कोने से लोग दरगाह में आ रहै है । मजलिस मौलाना हाशिम अली , सिकन्दर पुर , बाकर काजमी, मुजफ्फरनगर, गुलजार जाफरी तारागढ़, अली रजा अश्तर, बिहार, काजिम मेंहदी जौनपुर, जर्रार रजा, जायसी, रजी बिस्वानी जौनपुर, आदि ने खिताब फरमाई। मौलाना ने कहा कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। यह सभी धर्मों से ऊपर है। उन्होने कहा कि पहलगाम की जो घटना है हम उसकी कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते है । हमारी संवेदना पहलगाम के शहीदों के परिवारो के साथ है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियो को नरक में भी जगह नही मिलेगी और ये लोग कुत्ते की मौत मारे जाएंगे । बाद में मोलाना ने इमाम हुसैन व है हजरत अब्बास (अ. स.) की शहादत बयान की जिसे सुनकर शिया सोगवार फूट फूट कर रोये। बाद में अंजुमन आरफी के पदाधिकारियों ने पहलगाम के शहीदों को श्रंद्धाजलि अर्पित की । इस मौके पर रियासत अली , दरगाह सचिव इमरान अली , नायाब सदर शराफत अली , मोहम्मद वारिस , रिजवान प्रधान , जफर अब्बास आदि मौजूद रहे ।



# नगर और वाटर कूलर से भी गायब हुए लालू नाम मिटाकर खुद का नाम लिखवाया था तत्कालीन चेयरमैन ने

**खतौली।** नगर में इन दिनों एक वाटर कूलर को लेकर विवाद गरमा गया है। यह वाटर कूलर पहले नगर पालिका द्वारा जनता की प्यास बुझाने को जनहित में लगाया गया था, जिस पर पूर्व चेयरमैन पारस जैन का नाम अंकित था। लेकिन चेयरमैन बदलते ही कूलर पर से पारस जैन का नाम हटा दिया गया और तत्कालीन चेयरमैन शाहनवाज लालू का नाम लिख दिया गया। जिसका खतौली की जनता ने विरोध करते हुय आक्रोश व्यक्त किया था। हाल ही में जब यह मामला शाहटाइम्स अखबार में प्रकाशित हुआ, तो नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से शाहनवाज लालू का नाम भी हटा दिया। हालांकि, अब यह कूलर बिना किसी नाम के खडघ है, जिससे नगरवासियों के बीच नए सवाल खडे हो गए हैं। जनता का सवाल है कि यदि शाहनवाज लालू का नाम हटाया गया तो पूर्व चेयरमैन पारस जैन का नाम दोबारा क्यों नहीं लिखा गया? आखिरकार वाटर कूलर उनकी ही पहल पर लगाया गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खडे कर दिए हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए नागरिकों ने प्रशासन से जवाब मांगा है कि आखिर यह श्नाम का खेल क्यों चल रहा है?नगरवासियों का कहना है कि जनहित के काम में राजनीति नहीं होनी चाहिए और जो भी जनप्रतिनिधि कार्य करता है, उसे उसका श्रेय भी मिलना चाहिए।

## आखिर पूनम वर्मा का प्लाट कहां गया...

**बुढाना।** नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित एक प्लाट आखिर कहां गायब हो गया इसको लेकर कस्बे में तरह तरह की चर्चाए हैं। प्लाट मालिक पूनम वर्मा और उनके पति बिजेंद्र वर्मा अपने प्लाट को कई महीनों से ढूंढ रहे हैं लेकिन प्लाट ढूंढने को स्थानीय प्रशासन के द्वारा पिछले माह गठित की गयी राजस्व विभाग की टीम ने भी हाथ खडे कर दिए। सबसे बडी बात ये है कि पिछले माह पूनम वर्मा जिस प्लाट को अपना बता रही थी वो दो रास्तों का हैं और वो बुढाना निवासी नौशाद अली पुत्र महमूद निवासी मौहल्ला मण्डी दक्षिणी बुढोना का है और जिस पर वे काफी वर्षों से काबिज हैं जबकि पूनम वर्मा का एक रास्ते का प्लाट मिल नहीं पा रहा है। पूनम वर्मा के प्लाट को ढूंढने के लिए बीती 30 अप्रैल को तहसील में गठित की गयी राजस्व व लेखपाल की टीम भी दो तीन बार पैमाइश कर बैरंग लौट गयी लेकिन पूनम वर्मा का प्लाट कहीं नहीं दिखा। बताया जाता है कि नौशाद अली का मौजूद प्लाट दो साइड का है जबकि बिजेंद्र वर्मा का प्लाट एक साइड का है। दो रास्तों के प्लाट पर नौशाद अली का ही कब्जा है। बीते 30 अप्रैल को राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश की थी जबकि नौशाद अली ने इस संबंध में बताया कि पैमाइश की रिपोर्ट 28 अप्रैल को पोर्टल पर अपलोड कर दी गयी जबकि पैमाइश 30 अप्रैल को हुई। ये भी जांच का विषय है कि जब दो दिन पहले ही 28 अप्रैल को रिपोर्ट बिना पैमाइश अपलोड कर दी गयी तो दो दिन बाद 30 अप्रैल को टीम पैमाईश करने क्या खानापूर्ति करने के लिए ही आई थी। कुल मिलाकर पूनम वर्मा का प्लाट कहां गायब हो गया इसकी चर्चा गली गलियारे में जोरों शोरों से है।

# क्रेडिट कार्ड को बंद करने का झांसा देकर उड़ाई हजारों की रकम

**मोरना।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पर विश्वास कर शाखा के महत्वपूर्ण काउंटर पर मौजूद युवती द्वारा झूंठ बोलकर बनाये गये क्रेडिट कार्ड को प्रयोग न करने पर भी हजारों की रकम चार्ज के रूप मे स्वतरू ही खाते से काटने के बाद कार्ड को बंद कराने गये पीड़ित के इनकार करने के बावजूद दूसरा क्रेडिट कार्ड बनाकर उससे हजारों की बड़ी रकम को उड़ा दिया गया है।पीड़ित ने फ्रड करने वाले व्यक्तियो को नामजद करते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाष चौक निवासी काजी मौ.अमजद ने थाने पर दी तहरीर मे बताया की कस्बे मे स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मे उसका बचत खाता है।बीते वर्ष उसे बैंक शाखा मे बुलाया गया था।और शाखा के बेहद सम्मानित ग्राहक बताकर वहां मौजूद एक महिला कर्मचारी द्वारा क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने को कहा गया। सुविधा लेने से इनकार करने पर निशुल्क सुविधा प्रदान करने का झूठ बोलकर क्रेडिट कार्ड बना दिया गया। कार्ड को प्रयोग मे न करने पर भी पीड़ित के खाते से साढ़े तीन हजार रूपये की रकम को स्वतरूही काट लिया गया। पीड़ित के मोबाइल पर एक व्यक्ति लगातार कार्ड बंद करने को सम्पर्क करता रहा तथा उस व्यक्ति ने पुराना कार्ड बंद करने के नाम पर एक नया कार्ड भी भेज दिया।नो मई को पीड़ित के खाते से साढ़े तीन हजार रूपये खाते से काट लिए गये जानकारी करने पर यह भी पता चला की नए कार्ड से साठ हजार से अधिक की रकम को अलग अलग समय पर निक.ाला गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के दो आरोपी घायल, दो फरार

**पुरकाजी।** अपराधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार और क्षेत्राधिकारी के सं धन पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे धर पकड अभियान के अंतर्गत थाना पुलिस ने बडघी कार्रवाई करते हुए मुटभेड के दोरान गोकसी के दो अभियुक्तों को घायल कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि मौका देखकर उनके दो साथीमौके सेफरार हो गए हैंपकडघे गएदोनों अपराधियों पर जनपद मेरठ मुजफ्फरनगर के थानों में दर्जन मामले पंजीकृत है पुलिस अभी फरार दोनों अभियुक्त की तलाश में जुटी हैं

गुरुवार को थाना निरीक्षक जयवीर सिंह के कुशल नेतृत्व मे थाना उप निरीक्षक शिव कुमार शर्मा शिवराज सिंह नवीन कुमार द्वारा एव साजिद खान सुमित चौधरी (भोपा) और कास्टेबल राहुल कुमार विवेक कुमार तथा नवीन कुमार (भोपा) के साथ मुखवीर की सूचना परबढि वाला से जिन्दा वाला जाने वाले मार्ग पर पुलिस द्वारा अभियुक्तों से हुई मुटभेड में अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिग करने पर पुलिननेआत्म रक्षक मे गोली चलाकर दो बदमाशो को घायल कर गिरफ्तार करने मे बडी सफलता प्राप्त की है जो उनके अन्य दो साथी मोका पाकर फरार होगये है पकडे गये दोनो आपरा.धियो पर मेरठ सहित मुजफ्फरनगर के भोपा जानसठ खतौली पुरकाजी थानो लगभग डेढ दर्जन से भी अधिक अपरा.धिक मामले पंजीकृत है पुलिस की यह एक बडी सफलता है

पकडे गये अपराधियो ने फरमान पुत्र असलम चार खम्बा वाली रोड लिसाडी गेट मेरठ तथा जमशेद उर्फ मुल्ला पुत्र रफीक नदीम कालौनी लिसाडी गेट मेरठ जबकि उनके अन्य साथी आमिर उर्फ लाल पुत्र यासीन मोहदीनपुर खतौली हाल निवासी समर गार्डन लिसाडी गेट मेरठ तथा बल्लू पुत्र ना मालूम समर गार्डन लिसाडी गेट मेरठ मौका पाकर फरार हो गये है। पकडे गये दोनो अभियुक्तों से एक एक 315 बोर का तमंचा एवम एक एक जिन्दा कारतूस एव खोखे तथा दोनो से 1500 तथा 1800 रुपये मी नगदी बरामद कर एक टोयटा संख्या यूके 07 ।। ६ 9800 तथा गोकशी करने के औजार के साथ एक काली सफेद रंग की जिंदा गाय भी बरामद की है पुलिस ने दोनो अभियुक्तो के विरुद धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर दोनो अभियुक्तों को न्यायलय मे पेश किया गया है जबकि उनके फरार दोनों साथियों की तलाश मे जुट गयी है।

# किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भोपा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पडोसी युवक ने किशोरी को बहला फुसलाकर मकान की छत पर ले जाकर उसके दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीडिता की मां ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पडोस के ही युवक सागर ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गत 4 मई को रात्रि में पडोसी कम्पन्न के मकान की छत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच उसकी आंख खुल गई तो वह अपने देवर को लेकर छत पर पहुंची तो किशोरी के रोने की आवाज सुनाई दी तथा मौके पर सागर को दुष्कर्म करते हुए पाया तो वह मौके से फरार हो गया। इसके बाद अगले दिन जब सागर के परिजनों से शिकायत की तो वहां मौजूद कम्पन्न व विपिन ने उन्हें कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी सागर, कम्पन्न व विपिन के विरूद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी की डॉक्टरी करा दी गई है। आरोपी सागर, कम्पन्न व विपिन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं सागर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# भाजपा मंत्री के बयान पर भड़की कांग्रेस




**खतौली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की कर्नल शोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस सिलसिले में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिला उपाध्यक्ष पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष योगेश खारी एडवोकेट के नेतृत्व में एसडीएम संजय सिंह को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और मंत्री विजय शाह को तुरंत मंत्री पद से निष्कासित करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ष्देश की बेटी का अपमान, देश की नारी सेना का अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ष उन्होंने मंत्री के बयान को न केवल अपमान.जनक बल्कि राष्ट्र की सेना और महिलाओं के सम्मान पर चोट है।ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस सडकों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगी। जनता में भी मंत्री के इस बयान को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में मनजीत सिंह कौर, नितिन कटारिया, गुरमीत सिंह, धर्म सिंह, राजेंद्र सैनी, सत्येंद्र सिंह, डीडी आर्य, मोहर सिंह, इमरान त्यागी, अमन कुमार जाटव आदि मौजूद रहे।

# साढ़े 7 माह बाद शासन ने फिर से किया बजट पास

**बुढाना।** बीते वर्ष 28 सितम्बर को भाजपा शासन ने नगर पंचायत बुढाना का 31 मार्च 2025 तक का बजट पास कर जहां भाजपा विपक्ष के ही सभासदों को जोर का झटका दिया था ।




वहीं फिर से साढे 7 माह बाद ही दूसरा बजट शासन ने बीती 14 मई को पास कर विपक्ष के सदस्यों को फिर से करारा जवाब दिया है। साढे 7 माह के भीतर ही फिर से बजट के पास होने की खुशी में बृहस्पतिवार को पंचायत कार्यालय में चेयरपर्सन उमा त्यागी ने खुली बैठक में कस्बे के सब लोगों को आमंत्रित कर प्रेस के समक्ष जो लिस्ट जारी की उसमें सबसे ज्यादा काम उन्होंने विपक्षियों के वार्ड में ही कराए। फिर भी विपक्ष के सभासद चेयरपर्सन का विरोध कर रहे हैं। ये बात किसी के गले नहीं उतर रही और सब लोगों ने विपक्ष के सदस्यों को भविष्य में चुनावघ लडने पर कडे विरोध की बात कही। ये चौथा बजट है जो शासन ने पास किया है। इससे पहले भी 3 बजट पास हुए हैं। अब कस्बे में फिर से कइ विकास कार्यों को गति मिलेगी और कर्मचारियों के वेतन में भी कोई समस्या नहीं आएगी। बताते हैं कि बुढाना में कुल 17 सभासद हैं। चेयरपर्सन उमा त्यागी के पक्ष में कुल 6 व विपक्ष के खेमे में 11 सभासद हैं। आरोप है कि ये 11 सभासद चेयरपर्सन को काम करने नहीं दे रहे हैं। बस बोर्ड की जो मीटिंग होती थी ये उसमें विकास कार्यों का खुला विरोध करते थे ताकि चेयरपर्सन की साख जनता की नजरों में गिराई जा सके मगर आज जनता को खुली बैठक में सच का पता लगा तो गैर हाजिर विपक्ष के सभी 11 सभासदों का विरोध हुआ।

# डॉग फार्म की हौज में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर केलोरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव पानी की हौज में मिला। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अनुज उर्फ सोनू पुत्र यशपाल के रूप में हुई है। अनुज बुधवार की सुबह अपने डॉग फार्म हाउस गया था, लेकिन गुरुवार सुबह उसका शव फार्म हाउस की हौज में पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं अनुज का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। जिससे घटना के पीछे परिजनों द्वारा साजिश की संभावना जताई जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फार्म हाउस से जुडघे सभी पहलुओं की पडघ्ताल की जा रही है। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही पोस्टमार्टम होने के बाद शव गांव में पहुँचा जहां शव को देख परिजन बिलख बिलख कर रो पड़े। परिजनों ने शव का गमगीन माहौल में अन्तिमसँस्कार कर दिया था। लोगों का कहना था कि मृतक डॉग फार्म हाउस चलाता था। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परि.जनों द्वारा कोई तहरीर नही दी गई थी।

## कॉलोनी के ऊपर मौत का साया

# हजारों वोल्ट की बिजली लाइन के नीचे बसाई जा रही जिंदगी, प्रशासन मौन

■ **स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग बेखबर**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एक तरफ लोग छत की तलाश में अपनी जमा पूंजी झोंक रहे हैं, दूसरी तरफ कुछ लोगों की लालच भरी चालें उन्हें मौत के मुंह में धकेल रही हैं। शहर के बाहरी इलाकों में तेजी से बसाई जा रही एक कॉलोनी पर इन दिनों खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। वजह है ख्र कॉलोनी के ऊपर से गुजरती हजारों वोल्ट की बिजली लाइनें और उनके विशाल टावर।

जहां एक ओर लोग अपने सपनों का आशियाना बनाने के लिए अवैध कालोनियों में प्लाट खरीद रहे है। वहीं दूसरी ओर उन्हीं निर्माणाधीन कॉलोनी के ऊपर से गुजरती हाई वोल्टेज बिजली की लाइनें हर पल उनके जीवन को खतरे में डाल सकती हैं। कई हजार वोल्ट की विधुत लाइनें, जिनके नीचे रहना सीधे तौर पर जानलेवा है, आज निर्माणाधीन कॉलोनियों के बीच से होकर गुजर रही हैं। बिना किसी अनुमति और सुरक्षा मापदंडों की परवाह किए, इन कॉलोनियों को काटा जा रहा है और लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। जघ्मीन बेचने वाले मुनाफा कमा रहे हैं और बेखबर आम लोग जान जोखिम में डालकर वहां घर बनाने के सपने देख रहे हैं। प्रशासन, बिजली विभाग और एमडीए की चुप्पी संदेहजनक स्थानीय प्रशासन, बिजली विभाग और विकास प्राधिकरण को इस खतरे की पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई शून्य है। न कोई सुरक्षा घेरा बनाया गया, न ही कॉलोनी को गैरकानूनी घोषित किया गया। सरकारी नियमों के अनुसार हाई वोल्टेज लाइन के आसपास एक निश्चित दूरी तक कोई भी निर्माण प्रतिबंधित होता है, लेकिन यहां नियमों की सरेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं।

### बिना अनुमति, बिना सुविधा के मौत की कॉलोनियां बस रही हैं

इन कॉलोनियों में न तो सडकें हैं, न नालियां, न ही कोई मूलभूत नागरिक सुविधा। इसके बावजूद, कॉलोनाइजर लोगों को भ्रमित कर प्लॉट बेच रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बिजली के इन विशाल टावरों के नीचे लोग अपने घर बनायेगे तो क्या होगा, जहां कभी भी एक दुर्घटना उनकी पूरी जिंदगी को खत्म कर सकती है।

### घर की जगह कब्र बना देंगे ये टावर!

विशेषज्ञ साफ कह चुके हैं कि हाई वोल्टेज लाइन के नीचे रहना जानलेवा है। चिंगारी की एक हल्की सी भनक भी पूरे घर को राख बना सकती है। बावजूद इसके कॉलोनी काटी जा रही है, मकान बन रहे हैं, और लोग मजबूरी में वहां बस भी रहे हैं।

### जांच कब, कार्रवाई कब?

शाहटाइम्स की टीम ने जब मौके का मुआयना किया तो पाया कि कई अभी कॉलोनी निर्माणाधीन है जिसपर लोगों के आशियाने बनने बाकी है,, अगर इस निर्माणाधीन कॉलोनी में मकान बने तो बिजली के तार ठीक घरों के ऊपर से गुजरेंगे लेकिन, कहीं कोई बोर्ड, चेतावनी या रोक थाम के लिए सांकेतिक बोर्ड नही लगवाए गए है। ऐसे में प्रशासन कब कार्रवाई करेगा जनता इंतजार में बैठी है।

## महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर सिसौली पहुँचे राजवीर सिंह

**खतौली।** स्व. महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित संकल्प दिवस और रक्तदान शिविर में क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह अपनी धर्मपत्नी चंद्रलेखा के साथ सिसौली पहुँचे। उन्होंने किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राजवीर सिंह ने इस मौके पर महेंद्र सिंह टिकैत के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें ष्किसान-मजदूरों का मसीहाष बताया। उन्होंने कहा कि टिकैत ने अपने जीवन में किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए सतत संघर्ष किया और उनकी आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाया। राजवीर सिंह ने कहा, आज भी महेंद्र सिंह टिकैत की विचारधारा और संघर्ष हमें प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन किसानों के हक की लडाई का प्रतीक है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की बडघी संख्या उपस्थित रही। श्रद्धांजलि सभा में टिकैत के विचारों को आगे बढघने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# वेदांता के बच्चों ने की वाटर पार्क की सैर

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेडा से दो दिवसीय फन टूर का आयोजन किया गया य जिसमें पहले दिन कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों का व दूसरे दिन कक्षा नर्सरी से 2 तक के बच्चों का एक टूर मंसूरपुर वाटर पार्क ले जाया गयाद्य जिसमें बच्चों ने अलग-अलग तरीके से तैराकी की बारीकियां को प्रशिक्षित कोच के माध्यम से सीखा द्य यह टूर बच्चों के लिए रोमांच और मस्ती से भरपूर एक अविस्मरणीय अनुभव रहा द्यइस टूर के दौरान बच्चों ने जलपान का भी आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी व प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने कहा ख्रकि इस तरह की टूर से बच्चों को बहुत कुछ सीखने का अवसर प्रदान होता है यह टू र्न केवल मनोरंजन प्रदान करता है बल्कि बच्चों को नई चीज सीखने और अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझने का भी अवसर देता हैद्य विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्री मति सुनीता सैनीय कीर्ति व कामाक्षी शर्मा जी ने कहा कि विद्यालय इस तरह के टूर के द्वारा बच्चों को अन्य बच्चों के साथ घुल मिलने और टीम वर्क का महत्व सिखाता है और विद्यालय को हर वर्ष इस तरह के टूर का आयोजन करते रहना चाहिए।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक - मु.चि अ./2025/-118 दिनांक-15/5/25

**-:संशोधन सूचना:-**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सर्जित एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों (संविदा) के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू के सम्बन्ध में दिनांक 09.05.2025 को आपके सामाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। जिसकी तालिका के क्रमांक-2 के सतम्भ-5 पर अंकित मेडिकल ऑफिसर, एम.बी.बी.एस. (संविदा) के 3 SC पद को 3 OBC पद समझा जायें।

**( डा0 सुनील तेवतिया )**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सोनू कुमार व उसकी पत्नी प्रिया पाल मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने सोनू कुमार व उसकी पत्नी प्रिया पाल से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र सोनू कुमार व उसकी पत्नी प्रिया पाल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र सोनू कुमार व उसकी पत्नी प्रिया पाल के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरे पुत्र सोनू कुमार व उसकी पत्नी प्रिया पाल अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**राजकुमार पुत्र काला निवासी ग्राम झबरपुर थाना पुरकाजी जिला-मुजफ्फरनगर**

# ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले को लेकर अधिकारियों ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत की ओर से आयोजित किये जाने वाले ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भवन में किया गया, जिसमें मेले की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। 3 जून को मेले का उद्घाटन किया जाएगा तथा 5 जून को मुख्य स्नान होगा। सुरक्षा व सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत के द्वारा ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले का आयोजन किया जाना है जबकि मुख्य स्नान 5 जून को होगा। बैठक में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि मेले के लिए 7 लाख 67 हजार रूपये का बजट रखा गया है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, पशुपालन, नगर पंचायत, विद्युत, एमडीए, पुलिस व प्रशासन विभाग को तैयारी में जुटने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह ने कहा कि मेले में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जायेंगे। गंगा घाट पर गोताखोर, नाव, पीएसी मोटरबोट की व्यवस्था रहेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि 3 जून को ज्येष्ठ गंगा स्नान मेले का विधिवत शुभारम्भ किया जाएगा, जबकि 5 जून को मुख्य स्नान होगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

मेले को व्यवस्थित व बेहतर बनाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये गये हैं। बैठक में जिला पंचायत सदस्य सचिन करानिया, बीडीओ मोरना विशाखा, जिला पंचायत अभियंता पवन कुमार गोयल, अवर अभियंता वाशिद, सुरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, गौरव निर्वाण, डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, जाहिद अली, डॉ.



रविदीप सिंह, अंकुलचंद शर्मा, ध्यानचंद, डिप्टी रेंजर दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, ओमदत्त आर्य, एडीओ पंचायत योगेश्वरदत्त त्यागी, अक्षय कुमार शर्मा, प्रधान राजपाल सैनी, डॉ. महकार सिंह, पं. विनोद शर्मा, आचार्य अचल शास्त्री, देवेन्द्र आर्य, जेई इमरान अख्तर, राशिद, धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# युवक के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**भीम आर्मी नेताओं ने थाने पहुंचकर की थी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव रहमतपुर में आरोपियों ने घर में घुसकर पीडित के साथ गाली गलौज व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की।

पीडित के समर्थन में आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर पीडित को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी अमित कुमार ने दी तहरीर में बताया कि वह भटे से ईंटें निकालने का कार्य करता है। गत मंगलवार को गांव का ही अनुज राठी शराब पीकर उनके घर में घुस गया और गुण्डागर्दी करते हुए गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया था।

बुधवार को पीडित गांव में ही विजय कुमार के ईंट भटे पर रोजाना की तरह ईंटें निकाल रहा था। तभी आरोपी अनुज राठी अपने दो अन्य अज्ञात लडकों के साथ लाठी डंडों से लैस होकर आया तथा उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए देख लेने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय रवि, भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष विकास कुमार, सदर अध्यक्ष संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनित कुमार, कौशल, राजदुलारी, शर्मिला, रमेश, अमरपाल, सन्नी, राजबीर, लक्ष्मण, मिहन्ती, धर्मेन्द्र, कप्तान सिंह, सोनू कुमार, विजयसिंह आदि इकठ्ठा होकर भोपा थाने पहुंचे तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गये। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी अनुज राठी व दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# अधिवक्ताओं ने की भाजपा के मंत्री की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बुढाना।** भारत देश की शान कर्नल सोफिया कुरैशी के विषय में भारतीय जनता पार्टी के एक मंत्री के द्वारा गलत वक्तव्य दिए जाने पर पूरे देश की जनता में काफी रोष है। ऐसे गलत बयान की बार एसोसिएशन बुढघना ने कडे शब्दों में घोर निंदा की है। बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना की सम्मानित अधिकारी हैं। वे करोडों महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं।

भाजपा के एक मंत्री की टिप्पणी समाज में महिला विरोधी सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह सैन्य बल और देश की बेटियों का अपमान है। उन्होंने मंत्री विजय शाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यह केवल हमारी अकेले अधिवक्ता समाज की लडघई नहीं है। यह पूरे देश की महिलाओं और सेना के सम्मान का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जल्द कार्रवाई न होने पर सभी अधिवक्ता आंदोलन करेंगे। इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने बुढाना उप जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान मेहराज कुरैशी, जाकिर अली और पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

# गर्भवती महिला को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** गर्भवती महिला और उसके पति की एक युवक ने अपनी बहन और मां के साथ मिलकर डंडे से पिटाई की और उल्टे ही पीडित के खिलाफ तहरीर दे दी। पुलिस ने पीडघ्ति पक्ष के एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बानो पत्नी शहजाद शेख निवासी गांव बडघैदा ने बताया कि मेरा पति बृहस्पतिवार की सायं मजदूरी करके वापस अपने घर पर आ रहा था। तब गांव के ही अनस पुत्र हसन ने उसके पति की साइकिल में लकडी अडा दी। जिसमें उसका पति साईकिल से नीचे गिर गया। जिसमें उसको चोट लगी। उसके पति ने अनस को ऐसा करने पर टोका तो अनस ने उसके पति के साथ मारपीट करनी शुरु कर दी। किसी ग्रामीण के बताने पर वह मौके पर पहुंची तो अनस की मां और बहन लाठी डंडे लेकर मौके पर आई और हम दोनों पति पत्नी की पिटाई करनी शुरु कर दी। तीनों ने उसके पेट में भी लात मारी। वह छह माह की गर्भवती हैं। तब उसने इसकी सूचना डायल नंबर 112 को दी तो तीनो आरोपी पुलिस को आता देख फरार हो गयी और जाते जाते धमकी दी कि अब तेरे पति पर अपनी पुत्री के साथ रेप का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज कराकर तुझे जेल भिजवाएंगे। उधर आरोपियों ने कोतवाली पहुंचकर अपनी धमकी को अमलीजामा पहनाते हुए पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने भी आरोपी की तहरीर पर पीडित पक्ष के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्लाट में रखी लकड़ियों में आग लगाई

**बुढाना।** अज्ञात लोगों ने एक प्लाट में रखी लकडियों में आग लगा दी। आग इससे पहले भड़कती तब मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। अब पीडित ने कुछ लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए बुढाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रियासत शेख निवासी पुलपार बुढाना के प्लाट में रखी लकडियों मे आज बृहस्पतिवार की देर सायं किसी अज्ञात युवक ने आग लगा दी। इसका पता कुछ ही देर बाद रियासत को लग गया तो वह मौके पर आया और डायल नंबर 112 को सूचना दी तो मौके पर डायल नंबर 112 की पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर आ गये। उनके आने से पहले ही आसपास के लोगों ने आग बुझा दी थी। इस मामले में रियासत ने कुछ लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

# 2 वर्ष में हुए 88 विकास कार्य: उमा त्यागी

**बुढाना।** नगर पंचायत बुढाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि उन्हें 2 वर्ष हो चुके हैं। कस्बे के लोगों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी थी वे उसका निर्वहन निष्ठा व समर्पण भाव से कर रही हैं। चौयरपर्सन के पद पर आसीन होते ही आज दो वर्ष पूरे होने तक मैंने सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोग बोर्ड मीटिंग में सिर्फ बजट व विकास कार्यों के प्रस्तावों का विरोध करने ही आते थे। अब जनहित में फिर से शासन से नगर पंचायत बुढाना का बजट पास हुआ है।

जिसके लिए हम सब शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। विकास कार्यों व बजट का विरोध करने वालों को समझना चाहिए कि जब नगर निकायों में कोई निर्वाचित अध्यक्ष भी नहीं होता है तब भी निकायों में कार्य होते हैं। हमारा पहले भी सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास था और आगे भी रहेगा। राजनीति राजनीति की जगह है लेकिन राजनीति के चक्कर में कस्बे की जनता का नुकसान नहीं होना चाहिए। 2 वर्ष में नगर पंचायत की ओर से 88 विकास कार्य सडक व नाली आदि के हुए हैं। जिनमें से 52 कार्य उन सभासदों के वार्ड में हुए हैं जो हर बोर्ड मीटिंग में विकास कार्यों व बजट का विरोध करते हैं।

## अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्टेडियम ने वंसुधरा बिल्डर को हराया

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शुक्रवार को हुआ। चौधरी चरण सिंह और वसुंधरा बिल्डर के बीच हुए मैच में स्टेडियम की टीम चार ओवरों से विजेता बनी। इसमें वसुंधरा बिल्डर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया। इसके बाद वसुंधरा की पूरी टीम 147 रन बनाकर आल आउट हो गई। इसमें ;तिक राणा ने सर्वाधिक 31 रनों का योगदान दिया। इस दौरान चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर से आदित्य ने चार और वैभव त्यागी ने दो विकेट लिए। इसके बाद जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने बिना कोई विकेट खोए 11 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

रितिक अरोरा ने ताबडतोड 80 और वैभव त्यागी ने 50 रनों का योगदान दिया। वैभव त्यागी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफघ्द सीरीज वैभव त्यागी, बेस्ट बेस्टमैन हिमेश, बेस्ट बॉलर आदित्य रहे। आज अंडर 16 ग्रुप की विजेता और उपविजेता टीमों को भी पुरस्कृत किया गया। अंडर 16 ग्रुप में चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने पुलिस लाइन स्पोर्ट्स स्टेडियम को फाइनल में हराया था। इस टूर्नामेंट में करण को बेस्ट बैट्समैन, वंश को बेस्ट बॉलर और आदित्य को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया। खिलाडियों को सम्मानित करने वालों में एमसीए कोषाध्यक्ष संजय शर्मा ओमदेव आदि मौजूद रहे।

# विद्युत एक्सईएन के विरुद्ध मोर्चा खोलेंगे व्यापारी

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल के आवास पर व्यापारियों की एक आपात बैठक हुई। जिसमें सभी व्यापारी स्थानीय विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत कुमार यादव की कार्यशैली से बहुत ही खफा दिखाई दिए। उनका कहना था कि काफी दिनों से किसी ना किसी बहाने खासकर बुढघना नगर में विद्युत कटौती बेहताशा की जा रही है। उपर से वैसे भी भयंकर गर्मी है लेकिन फिर भी विद्युत विभाग नागरिकों की समस्या को समझ नहीं रहा। इस बात को बताने के लिए व्यापारी समय समय पर विद्युत एक्सईएन श्री यादव को फोन करते हैं लेकिन वे किसी भी व्यापारी का फोन रिसीव करना उचित नहीं समझते। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढाना से जुडे सभी सैंकडों व्यापारियों में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष है। व्यापारियों ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि वे व्यापारियों के अपमान को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक्सईएन या तो अपने रवैय्ये में सुधार कर लें नहीं तो सभी व्यापारी उनके विरुद्ध आगामी सोमवार को लामबंद होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। बैठक में अमरीश बंसल, सुशील तायल, विकास गर्ग, मुकेश सैनी और इकरार कुरैशी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# किसान के बेटे ने रचा इतिहास, बॉक्सिंग में जीता सिल्वर

**मोरना।** किसान के बेटे ने राष्ट्रीय स्तर के खेलो इंडिया प्रतियोगिता में बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। जनपद आगमन पर जनपद वासियों ने खिलाडघी का ढोल नगाडे व फूल मालाओं से स्वागत किया है। वही खिलाडघी को ट्रैक्टर से गांव तक लेकर गए।सिल्वर मेडल जीतने पर जनपद में हर्ष का माहौल है।

जनपद मुजफ्फरनगर के वहलना गांव निवासी चौधरी हरेंद्र के पुत्र विश्वजीत चौधरी ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता में प्रतिभा किया था। जिसमें खेलते हुए विश्व जीत ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने जनपद का नाम रोशन किया है। सिल्वर मेडल जीतने पर जनपद मुजफ्फरनगर के गणमान्य लोगों ने फूलमाला पहनकर आशीर्वाद दिया है।वही परिवार से पिता हरेंद्र, माता रंजू, नरेंद्र ताऊजी, सतेंद्र ताऊजी, बबलू उर्फ उपदेश, सोनू उर्फ आदेश, मोनू, शुभम , वही समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, भाकियू के जिला अध्यक्ष नवीन राठी, पवन राठी, अजय चेयरमैन, सुशील, पंकज, अनुज बालियान ,सतीश सहरावत भोकरहेड़ी, भूपेंद्र सिंह यादव जिला खेल अधिकारी, देवेंद्र चेयरमैन ,अंकुर ,अशोक, इंद्रपाल आदि ने फूलमाला पहनाकार का स्वागत किया है।

विश्वजीत के कोच गौरव सागवान ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वजीत शारदेन पब्लिक स्कूल का छात्र है। जिसने इस वर्ष कक्षा 12 की परीक्षा पास की है। तथा पिछले तीन वर्षों से विश्वजीत जाट कॉलेज स्थित अपने कोच के आवास पर बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रहा है। पिछले तीन सालों



में विश्वजीत ने नेशनल व राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त किए हैं। वहीं उन्होंने कहा है कि इस बार विश्वजीत का खेलो इंडिया खेलों अच्छा खेला है। यह खेल बिहार के पटना में खेले जा रहे थे। जिसमें विश्वजीत ने अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, उडघीसा, व बिहार के खिलाडियों को हराकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। वही कोच ने कहा कि विश्वजीत एक अच्छा खिलाडी है । एक दिन बॉक्सिंग में अपने देश का नाम रोशन करेगा।

# विद्यार्थियों ने सीखा लोकतंत्र का व्यवहारिक पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार द एस डी पब्लिक स्कूल जानसठ रोड द्वारका सिटी में श्स्टूडेंट काउंसिल कमेटीश पदों के चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न कराया गया। इस आयोजन की थीम भ्वूीं थी। जिसका उद्देश्य बच्चों को उनके मताधिकार का जागरूकता के साथ सर्वहित हेतु प्रयोग करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना था।



चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने प्रचार, मतदान और मतगणना के सभी चरणों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। उम्मीदवारों ने अपने विचारों और योजनाओं को साझा करते हुए विद्यालय समुदाय के समक्ष प्रस्तुतीकरण भी दिए। विद्यार्थियों ने न केवल मतदान का अनुभव प्राप्त किया अपितु लोकतांत्रिक मूल्यों जैसे पारदर्शिता, निष्पक्षता और सहभागिता को भी निकट से समझा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना जी ने कहा ऐसे आयोजनों से बच्चों में नेतृत्व, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। यह केवल एक चुनाव नहीं था बल्कि एक सीखने की प्रक्रिया थी, जो उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा

## मुस्लिम युवती ने हिंदू लड़के से शादी करने को किया आवेदन

**बुढाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना की एक मुस्लिम युवती ने अपने हिंदू प्रेमी के साथ विवाह करने के लिए शामली एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया को एक प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें शामली एसडीएम ने तहसीलदार शामली, प्रभारी निरीक्षक थाना कांधला, तहसीलदार बुढाना और प्रभारी निरीक्षक थाना बुढाना से आख्या मांगी है। बीती 5 मई को गौतम पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला तहसील व जिला शामली और उसकी प्रेमिका इल्मा पुत्री फैजान निवासी ग्राम अलीपुर अटेरना द्वारा एसडीएम के समक्ष उपस्थित होकर अन्तरजातीय विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

# श्रीराम कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट द्वारा ''क्रिएटिव माइंड्स विथ क्रिएटिव लाइन्स '' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। 7 मई से 15 मई 2025 तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेआउट डिजाइनिंग एवं रचनात्मक कला के साथ साथ अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों के प्रति समझ और व्यवसायिक कौशल का विकास करना रहा। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. मनोज धीमान, निदेशक, ललित कला विभाग, श्री राम कॉलेज, ने सात दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों मे सृजनात्मक सोच, रेखांकन, रचना एवं खृश्य अभिव्यक्ति के विषय मे मूल जानकारी से अवगत कराया।इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया डिजाइनिंग एवं लेआउट के गुर सिखाए एवं स्किल डेवेलोपमेंट के विषय में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया डिजाइनिंग से सम्बंधित तकनिकी बारीकीयों को भी विस्तार से समझाया।उन्होंने विद्यार्थियों को कोरल ड्रॉ के प्रयोग और महत्व को विस्तार से समझाते हुए उसके टूल्स और उनके फंक्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मुख्यत: मूव टूल, शेप टूल, क्रॉप टूल, टेक्स्ट टूल, इंटरैक्टिव फिल टूल आदि के विषय में व्यवहारिक रूप से बताते हुए उनके प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रिंट एडवर्टाईजिग टेम्पलेट लीफलेट्स की डिजाइनिंग तो की ही जाती है साथ ही विजिटिंग कार्डस, वेडिंग कार्डस आदि की डिजाइनिंग में भी सहायक है।

इन सात दिनों के कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक और कलात्मक विकास पर ध्यान देते हुए रुचिकर रूप से प्रतिभागी बने एवं रोजगार परक कौशल विकसित किये। कार्यशाला के दौरान आयोजित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, जिनमें एडवरटाइजमेंट ,पोस्टर मेकिंग, फ्लैश फिक्शन, माइक्रो-पोएट्री और मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट्स शामिल रहे।

इस अवसर पर जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने कार्यशाला के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य बीजेएमसी एवं एमजेएमसी के विद्यार्थियों मे रोजगार परक कौशल विकसित कर उनके भविष्य को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का दूसरा और महत्वपूर्ण उद्देश्य यह हैं कि युवाओं को रोजगार परक शिक्षा के महत्व के विषय में जागरूक करना तथा मीडिया हाउस और प्रोफेशनल कल्चर को विकसित करने के संबंध में मानसिक क्षमता विकसित करना है।उन्होंने बताया कि मीडिया के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए असीम अवसर हैं अत: 12जी के बाद भविष्य के नए अवसरो कि तलाश कर रहें युवाओ के लिए मास कम्युनिकेशन का क्षेत्र अनेको सम्भावनाओं से परिपूर्ण है। श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए विभाग को शुभकामनायें दी एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ अशोक कुमार ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा की वर्तमान दौर मीडिया के स्वर्णिम दौर है अत: विद्यार्थियों के सशक्त भविष्य के लिए पत्रकारिता एवं जनसंचार का क्षेत्र व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने एवं रोजगार परक कौशल विकसित करने वाले पाठ्यक्रमों मे सबसे अधिक सम्भावनाओं वाला क्षेत्र है। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रवक्ता मयंक वर्मा, कहकशा मिर्जा तथा शिवानी बर्मन आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को लर्निंग साइंस व राइटिंग प्रतियोगिता से किया जागरूक

**मंसूरपुर।**भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के तत्वाधान में एमडीएस विद्या मन्दिर इंटर कालेज में लर्निंग साइंस वाया स्टैर्ल्ड राइटिंग प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारम्भ भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून से रिसोर्स पर्सन पूनम वत्स, प्रबन्धक सन्दीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय एवं संचालक अनिल शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विज्ञान विषय से संबंधित विविध विषयों पर सुंदर एवं तथ्यपूर्ण लेख प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून से रिसोर्स पर्सन पूनम वत्स ने बताया कि यह संस्था उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वित्त मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, उन्होने हॉलमार्क, अनिवार्य रजिस्ट्रेशन, इको मार्क, मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन स्कीम एवं आईएसआई मार्क के साथ ही विभिन्न प्रकार के लिंक एवं एप के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गयी।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि जागृत करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना तथा लेखन कौशल को बढावा देना था। कार्यशाला को सफल बनाने में रेनू चौधरी, ज्योति, अंकिता बत्रा, अर्चना राठी, प्रभा यादव, आदित्य कुमार, अंकित खेरवाल, अर्पित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# 10वीं व 12वीं के परीक्षाफल में चमकी वैल्किन की छात्राएं

**भोपा।** भोपा रोड जट मुझेडा मुजफ्फरनगर स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। विज्ञानं वर्ग में प्रथम स्थान पर वंशिका 91.4: तथा द्वितीय स्थान पर शगुन 89.6:, तृतीय स्थान पर वंशिका चौधरी 85.2: अंक प्राप्त किये ए जबकि कॉमर्स वर्ग में प्रथम स्थान पर शौर्य गुप्ता ने 90.4: द्वितीय स्थान पर तनु चौधरी 90: तृतीय स्थान पर जैसमीन कौर 84.2: अंक प्राप्त किये। वंशिका, हर्शिका, लक्ष्य त्यागी, तनु तोमर, वंशिका चौधरी, अंशिका त्यागी, जैसमीन कौर आदि ने पेंटिंग में 100 अंक प्राप्त किये ए अर्नव ने हिंदी में 98 अंग्रेजी में 91 व शारीरिक शिक्षा में 91 अंक प्राप्त किये ए वंशिका ने अंग्रेजी में 94, शगुन ने गणित में 91, हर्शिका ने शारीरिक शिक्षा में 98 अंक प्राप्त किये। कक्षा 10वी के छात्र ख्रछात्राओ में प्रथम स्थान पर माही तोमर 89.6:, मोहित तोमर 89.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर वर्णिका 86.6: अंक प्राप्त किये ए लविश धीमान ने अग्रेजी में 92, विज्ञान में माही तोमर 94, सामाजिक विज्ञान में माही तोमर व मोहित तोमर ने 93 अंक प्राप्त किये ए गणित में अर्नव शर्मा ने 91, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मोहित तोमर 91, बैंकिंग में सुहाना ने 92 अंक प्राप्त किये। छात्र-छात्राओ ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा अभिभावकों का नाम रोशन किया। परीक्षाफल की सूचना प्राप्त होते ही छात्र-छात्राओ में उत्सुकता का संचार ही गया ए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का ताता सा लग गया। सभी छात्र-छात्राओ ने एक-दुसरे



को मिठाई खिलाई तथा बधाई दी। छात्र-छात्राओ तथा अभिभावकों ने विद्यालय के परीक्षाफल पर संतोष व्यक्त किया तथा सफलता का श्रेय योग्य शिक्षण कुशल मार्गदर्शन एवं छात्र-छात्राओ के अपने परिश्रम को दिया। विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार , उपाध्यक्ष के. के. आनंद , प्रबन्धक दुष्यंत कुमार व प्रधानाचार्य मनीष कुमार सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## किसानों की समस्याओं पर किसान मजदूर संगठन की हुंकार

**मुजफ्फरनगर।** सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

डीएम कार्यालय पर धरने पर बैठे संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर भ्रष्टाचार किसानों की समस्या, गौवंश संरक्षण और टोल वसूली जैसे प्रमुख मुद्दों पर चिंता जताते हुए कार्यवाही की मांग उठायी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि चकबन्दी प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमिताएं सामने आ रही है जिन्हे तत्काल सुधारा जाये। सरकार की आरडीएस योजना के अन्तर्गत एलएनटी कम्पनी को बिजली सुधार का काम सौंपा गया जिसमें घोटाले की आशंका जताई गई।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चुनौती: व्यापारी को फिर मिली 20 लाख की रंगदारी की चिट्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के फव्वारा चौक स्थित मोबाईल व्यापारी की दुकान में बदमाशों ने एक बार फिर शामली पुलिस को चैलेंज करते हुए रंगदारी की चिटठी भेजी है। भेजी गई चिटठी में बदमाशों ने व्यापारी को 20 लाख रूपये लेकर एक निश्चित जगह बताया है। यही नही बदमाशों ने व्यापारी को धमकी दी है कि पुलिस को बताकर परिणाम भुगतान के लिए तैयार रहे। रंगदारी की एक बार फिर चिटठी मिलने से व्यापारी व उसके परिवार में दहशत व्याप्त है। व्यापारियों ने लगातार डाली जा रही रंगदारी की चिटठी मिलने पर पुलिस का फेलियर बताया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला ब्रहमणान निवासी सुमित बंसल की शहर के फव्वारा चौक पर प्रिया मोबाईल के नाम से दुकान है। गुरूवार को जैसे ही सुमित बंसल ने दुकान खोली तो साफ सफाई कर रहे कर्मचारी कैफ को रंगदारी की चिटठी मिली। कर्मचारी ने जैसे ही सुमित बंसल को चिटठी दिखाई तो रंगदारी की एक बार फिर चिटठी पढकर व्यापारी के होश उड गए। बदमाशों ने चिटठी में 20 लाख रूपये का इंतजार कर व्यापारी एक निश्चित जगह पर बुलाया है। बताया जाता है कि बदमाशों ने चिटठी में लिखा है कि पुलिस को बताकर अच्छा नही किया अब परिणाम भुगतान के लिए तैयार रहे। पिछले चार दिनों में लगातार दूसरी बार रंगदारी की चिटठी डाले जाने से व्यापारियों में रोष फैल गया और दर्जनों की संख्या में व्यापारी एकत्रित हो गए। उन्होने कहा कि व्यापारियों को रंगदारी की चिटठी डाली जा रही है, लेकिन पुलिस बदमाशों को पकडने में नाकाम है। व्यापारियों के हंगामे को देखते हुए शामली कोतवाली पुलिस ने 24 घंटों में घटना का खुलासा कर बदमाशों को पकडे जाने का आश्वासन दिया है। वही सुमित बंसल के भाई दीपक बंसल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।



## कोतवाली के पास हेयर सैलून की दुकान पर अज्ञात चोरों का धावा

**कैराना।** अज्ञात चोरो ने कोतवाली के निकट स्थित हेयर सैलून की दुकान पर धावा बोल दिया। चोरों ने ताले पर ईंटो से प्रहार करके गल्ले में रखी 10,400 रूपए की नकदी चोरी कर ली। चोरी की घटना कोतवाली से महज पचास कदम दूर होने के चलते पुलिस सक्रियता की पोल खुल गई है। वहीं, पीड़ित ने पुलिस को शिकायती-पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला खैलखुर्द निवासी नसीम ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसकी हेयर सैलून की दुकान कस्बे के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड पर स्थित है। मंगलवार की रात्रि दुकान बंद करके वह अपने घर चला गया था। इसी दौरान रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान पर धावा बोल दिया। चोरों ने ईंट से प्रहार करके दुकान का ताला तोड़कर वहां गल्ले में रखी 10,400 रूपए की नकदी चोरी कर ली। बुधवार सुबह दुकान पर पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, मामले के सम्बंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि दुकान पर लगा ताला टूटा हुआ नही मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### रॉड से युवक पर जानलेवा हमला

**चौसाना।** चौसाना में गुरुवार की शाम आपसी कहासुनी के बाद एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने युवक को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लोहे की रॉड से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। चौसाना निवासी शिवम पुत्र विनोद गुरूवार की शाम करीब 6:15 बजे बाजार से घर लौट रहा था। तभी उसने देखा कि उसके चाचा का गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो रहा है। वह जब बाहर आया तो देखा कि उपरोक्त आरोपीग टंकी के पास बस्ती चौसाना ने लोहे की रॉड एवं लाठी-डंडों से लैस होकर सुनियोजित तरीके से हमला कर दिया। शिवम का आरोप है कि हमलावरों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला करते हुए कहा कि आज तुझे इस बस्ती में जीने नहीं देंगे और जान से मारकर दम लेंगे। आरोपियों ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर सोहन पुत्र मुकेश, वेदपाल पुत्र जुगनु, किशोर, आदित्य, पदम, ज्ञान व अमित मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर किसी तरह शिवम की जान बचाई। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पीड़ित को मैडिकल के लिए भेजा गया है ।

### नौमान की गिरफ्तारी के बाद जनसेवा केंद्र संचालकों पर पुलिस सख्त

#### एक जनसेवा केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर की जा रही गहन पूछताछ

**कैराना।** दो दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत में पाकिस्तान के लिए जास.ूसी करने के आरोप में कैराना के युवक नौमान इलाही की गिरफ्तारी के बाद से स्थानीय पुलिस-प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। प्रकरण में मनी ट्रांसफर को लेकर पुलिस की कई टीमें एक जनसेवा केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस की सख्ती से कस्बे के जनसेवा केंद्र संचालकों में भी हड़कंप मचा हुआ है। विगत मंगलवार को हरियाणा राज्य के पानीपत जनपद की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था। सीआईए द्वारा गिरफ्तार किया गया युवक कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी नौमान इलाही बताया गया है। नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन जीनत के पास रहकर एक फैक्ट्री में गॉर्ड की नौकरी कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद बुधवार को सीआईए की टीम आरोपी युवक नौमान को साथ लेकर मनी ट्रांसफर के एक मामले में पूछताछ के लिए कैराना के एक जनसेवा केंद्र संचालक के यहां पहुंची थी। यह जनसेवा केंद्र कचहरी के सामने स्थित है, जिसका संचालक कस्बे के मोहल्ला आलकलां का रहने वाला बताया गया है। नौमान की गिरफ्तारी के बाद से स्थानीय पुलिस व खुफिया विभाग में काफी हलचल है। गुरुवार को कैराना पुलिस एक जनसेवा केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ए वही जनसेवा केंद्र संचालक है, जिसके पास पानीपत सीआईए की टीम पहुंची थी। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस के अलावा, एलआईयू, स्टेट आईबी व साइबर विभाग की टीमें हिरासत में लिए गए जनसेवा केंद्र संचालक से गहन पूछताछ में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक हिरासत में लिए गए जनसेवा केंद्र संचालक से पुलिस की टीमें कुछ खास जानकारी हासिल नही कर पाई है। मनी ट्रांसफर के मामले में नगर एवं क्षेत्र के अन्य जनसेवा केंद्र संचालकों पर भी पुलिस की निगाहें सख्त हो गई है, जिसके चलते जनसेवा केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि एक जनसेवा केंद्र संचालक से मनी ट्रांसफर के मामले में पूछताछ की जा रही है।

### कर्नल सोफिया पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में उबले कांग्रेसी



**कैराना।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। उन्होंने भाजपा नेता द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों से जमकर नारेबाजी की। बुधवार को कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता संगठन के शामली जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा नेता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने भाजपा नेता को मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेसियों ने विजय शाह को बर्खास्त करो, भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के भी नारे लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मंत्रीपद ग्रहण करने वाला व्यक्ति देश के संविधान को साक्षी मानकर पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते है। लेकिन भाजपा के मंत्री ने अपनी घृणित बयानबाजी से सेना के मनोबल को गिराने का कार्य किया हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी देश की आन-बान-शान हैं। उन्होंने पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों को धूल चटाने का काम किया है। भाजपा का मंत्री देश की इस महान बेटी को आतंकियों की बहन बता रहा हैं। वहीं, जिला महासचिव शमशीर खान ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी भाजपा के महिला एवं सेना विरोधी होने की मानसिकता को दर्शाती है। मंत्रिपद पर बैठे ऐसे लोग देश की छवि धूमिल करने का काम करते हैं। उन्हें भाजपा नेता को तत्काल मंत्रीपद से हटाए जाने की मांग की है। इस अवसर पर नदीम एडवोकेट, शहजाद मलिक एडवोकेट, धर्मवीर कश्यप, जावेद अली, जाकिर राणा, जाहिद, कादिर, प्रद्युम्न, अंकुश, रिजवान, सुहैब, बिलाल, नईम, आबिद, मित्रसैन, साबिर, आलिम, मोनू, जुबैर, गय्यूर आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली की सीमा निर्धारण के बोर्ड किए स्थापित




**कैराना।** एडीजी मेरठ के निर्देश पर क्षेत्र में कोतवाली की सीमा निर्धारण को इंगित करते हुए बोर्ड स्थापित किए गए। गुरुवार को कोतवाली कैराना क्षेत्र की सीमाओं के निर्धारण के बोर्ड स्थापित किए जाने का कार्य किया गया। आपराधिक घटनाओं के दौरान पुलिस अकसर सीमा विवाद में उलझती रहती है। इस तरह की परिस्थितियों से बचने एवं क्षेत्रीय लोगो को थाने की सीमा से सम्बंधित जानकारी प्रदान करने के लिए बोर्ड स्थापित कराए गए है। एडीजी मेरठ भानु भास्कर एवं डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह के निर्देश पर बोर्ड स्थापित किए जाने का कार्य किया गया है। यह बोर्ड क्षेत्र में स्थित गांव पठेड़, मन्नामाजरा, तीतरवाड़ा, ऊंचागांव आदि में कोतवाली की सीमाओं पर स्थापित किए गए है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व गर्भपात करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कैराना।** बुधवार को नगर निवासी एक युवती ने पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम को एक शिकायती पत्र दिया था। आरोप था कि थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव आमवाली निवासी सद्दाम नामक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई वर्षों तक दुष्कर्म किया है तथा गर्भवती होने पर उक्त युवक ने उसका का गर्भपात भी करा दिया हैं। कैराना कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी थी। बृहस्पतिवार को कैराना कोतवाली पर तैनात अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित व्यक्तियों की गिरफ्तारी के अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में मुखबिर खास की सूचना पर दोहपर 1:30 बजे शामली-पानीपत बाईपास से युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व गर्भपात कराने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी सद्दाम पुत्र शमशाद निवासी ग्राम आमवाली थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया है।



शामली। वृद्धों का पंजीकरण करते हुए।

# सहायक उपकरण को 131 वृद्धों का पंजीकरण

**शामली।** महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने अवगत कराया कि केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के तहत आज ब्लॉक परिसर थानाभवन में एलिम्को द्वारा 131 वृद्धजनों का सहायक उपकरण हेतु पंजीकरण किया गया।दिव्यांगजन अधिकारी ने अवगत कराया कि इस योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन जिन्हें चलने फिरने या अन्य शारीरिक गतिविधियों में दिक्कत है जैसे कि किसी से चला नहीं जाता या बैठने में दिक्कत होती है,कमर में दर्द रहता है,गर्दन में या सर्वाइकल का दर्द रहता है,आंखों की देखने की व कानो की सुनने की क्षमता खो चुके है,उन्हें अनेक तरह के सहायक उपकरण जैसे बेंत,सीट युक्त फोल्डिंग बेंत, वॉकर, व्हीलचेयर, कमोडयुक्त व्हीलचेयर,सिलिकॉन सीटिंग पिलो, नी ब्रेस, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। इस हेतु आज ब्लॉक परिसर थानाभवन में शिविर आयोजित किया गया।

जिसमे कुल लाभार्थी सम्मिलित हुए और इन लाभार्थियों में 110 व्हीलचेयर,91 हियरिंग ऐड कान की मशीन, 85 कमोडयुक्त चेयर,118 बेंत, 107 कमर की बेल्ट, 230 घुटनों की बेल्ट, 115 सर्वाइकल कॉलर,89 वॉकर व 115 सिलिकॉन सीटिंग तकिया के लिए पंजीकरण किया गया।इस प्रकार 131 लाभार्थियों को मानक के अनुसार उक्त सभी उपकरण वितरण किया जाएगा। इस शिविर में 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन प्रतिभाग कर सकते है जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से अधिक न हो। कल का शिविर दिनांक 16/05/2025 को विकास खंड परिसर ऊन में आयोजित होगा, उपरोक्त शिविर भारत सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के तहत आयोजित होंगे जिसमें जनपद शामली से बाहर के जिलो के वृद्धजन भी प्रतिभाग कर सकते है।

इच्छुक वृद्धजन अपना पासपोर्ट साइज फोटो, फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड राशन कार्ड बैंक पासबुक या वोटर आई डी कार्ड इत्यादिॠ में किसी एक की फोटो कॉपी,आय प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी, सक्षम अधिकारी द्वारा ऑनलाइन फॉर्मेट निर्गत आय प्रमाण पत्र द्धग्राम प्रधान,पार्षद, अध्यक्ष नगर पालिका, बीडीओ, विधायक, सांसद की लेटर पेड पर घोषित आय भी मान्य को लेकर सुबह दस बजे नियत तिथि व स्थान पर चिन्हांकन शिविर में पहुंचे।

## मामूली कहासुनी के दौरान मारपीट मामला दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के गांव मालेंडी निवासी संजीव पुत्र जनार्धन ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी और अशोक की पत्नी के बीच कहासुनी हो रही थी। बीच-बचाव करने पर गांव के ही विशाल पुत्र अशोक और शिवओम पुत्र अशोक ने उसके साथ मारपीट की और सिर पर वार कर घायल कर दिया। संजीव ने उक्त लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वही मिली तारीफ के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

# पूर्व सैनिक के भाई पर हमले के आरोपी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** गांव भनेड़ा उद्दा में होली के दिन, 14 मार्च 2025 को पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह के भाई परमवीर सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में नामजद पांच आरोपित अब भी फरार हैं। थाना भवन पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने के बावजूद आरो.पितों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने हिमांशु, दीपांशु, शिवकुमार, सीमांत और उदय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। हमले के बाद से ही सभी आरोपित भूमिगत हैं। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट से गैरजमानती वारंट प्राप्त किए गए हैं। वहीं, जिला न्यायालय द्वारा पांचों आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं भी खारिज की जा चुकी हैं। शिवकुमार की अग्रिम जमानत उच्च न्यायालय से भी नामंजूर हो चुकी है। गिरफ्तारी न होने के चलते अब पुलिस ने अगली कानूनी कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नोटिस चस्पा करने की प्रक्रिया शुरू की है। उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव में पहुंचकर आरो.पितों के घरों और गली-चौराहों पर



कोर्ट का आदेश चस्पा किया। इस दौरान ढोल मुनादी और अनाउंसमेंट के माध्यम से गांववासियों को भी सूचित किया गया कि यदि आरोपित जल्द ही न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होते हैं, तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़ित पक्ष की चिंता: लगातार साजिश की आशंका

पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत में आरोपितों को शातिर, दबंग और हिंसक मानसिकता का बताया। उन्होंने कहा,ए लोग इतने बेखौफ हैं कि पहले भी हिमांशु अपने साथियों के साथ मेरे भाई परमवीर पर घर में घुसकर हमला कर चुका है। इस घटना की वीडियो फुटेज मेरे पास सुरक्षित है, जिसे जरूरत पड़ने पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।देवेंद्र सिंह ने प्रशासन से मांग की कि ऐसे तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जाए ताकि वे दोबारा किसी गंभीर वारदात को अंजाम न दे सकें। उन्होंने यह भी बताया कि फरारी के दौरान ए आरो.पित लगातार उनके परिवार के खिलाफ षडङंत्र रचने की कोशिश कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर परिवार की सुरक्षा की मांग की है।पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन वे लगातार फरार हैं। यदि कोर्ट के आदेशों की अवहेलना जारी रही तो आगामी दिनों में कुर्की की कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा।

# जिला चिकित्सालय में प्रथम प्रसव ऑपरेशन सफल

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में जिला.धिकारी महोदय की प्रेरणा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उनकी टीम के अथक प्रयासों से मति शहजादी पत्नी जाहिद निवासी कैराना का जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में प्रथम आपरेशन प्रसव हुआ, यह प्रसव डा. मनरा मलिक स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा. तिलक निश्चेतक, डा. नरेश सैनी सजर्न एवं डा. अशोक कुमार बाल रोग विशेषज्ञ की टीम द्वारा कराया गया। इसमें ओ0टी0 नर्सिंग अधिकारी मति प्रीति एवं मति मो.निका तथा ओ0टी0 सहायक अंकित का सहयोग रहा। महिला एवं शिशु दोनो स्वस्थ है। इस अवसर पर अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सहारनपुर मण्डल सहारनपुर डा0 कुमुद रानी एवं उनकी टीम प्रसव के समय उत्साह वर्धन के लिए मोजूद रही साथ ही महोदया आकस्मिक विभाग, अग्नि समन संयत्रों, फायर सेफ्टी, अन्य विभागों का निरीक्षण किया एवं टीम द्वारा किए जा रहे मरीजो के उपचार एवं व्यवहार पर संतोष व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी महोदय शामली द्वारा मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी जी को निरीक्षण एवं उत्साह वधर्न हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में भेजा गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने उक्त जच्चा बच्चा से बात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली एंव टीम की सराहना की। इसके बाद उन्होने पोषण पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण कर भर्ती बच्चों को फल वितरित किए साथ ही रक्त केन्द्र का भी निरीक्षण किया और लाइसेंस के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रंशसा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 किशोर कुमार आहूजा, चीफ फामार्सिस्ट ताहिर बैग, सी0डी0पी0ओ0 बाबर खान, शिवम काउंसलर इत्यादि उपस्थित रहे।

# आपात स्थिति से निबटने को युवाओं को रहना चाहिए तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माई भारत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित करता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को सक्रिय रूप से संगठित कर रहा है ताकि वे MY Bharat Civil Defense Volunteers के रूप में नामांकन करा सकें। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित,उत्तरदाई और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातक.ालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है, और MY Bharat इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, MY Bharat अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और MY Bharat नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा MY Bharat स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की एक मजबूत भावना पैदा करती है,बल्कि उन्हें गंभीर परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहा.रिक जीवन-रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। पंजीकरण प्रक्रिया सरल है और आधिकारिक MY Bharat पोर्टल : https://mybharat.gov.in के माध्यम से सुलभ है। यह युवाओं के लिए एक स्पष्ट आह्वान है कि वे आगे आएं और इस राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए सभी इच्छुक युवाओं जनता को संगठित करें।



# सेना के शौर्य के लिए कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्धपंजी।ॠ, शामली द्वारा वर्मा मार्केट स्थित भगवती मोबाइल पर ष्सेना के शौर्य को नमन . वीरता का उत्सवष नामक एक भव्य एवं प्रेरणादायक गौरव समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाल ही में पहलगाम द्धजम्मू-कश्मीरॠ में पाकिस्तान द्वारा संघर्षविराम के उल्लंघन के उपरांत हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले और भारतीय सेना द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब की पृष्ठभूमि में रखा गया, जिसका उद्देश्य वीर जवानों के शौर्य, बलिदान और देशप्रेम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत वीरगति को प्राप्त जवानों की स्मृति में दो मिनट के मौन व श्रद्धांजलि से हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने भारत की सैन्य शक्ति और सैनिकों के अद्वितीय साहस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महज जवाबी कार्रवाई नहीं थी, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और संकल्प का परिचायक था। समाज के युवाओं ने देशभक्ति पर आधारित समूह प्रस्तुति के माध्यम से शहीदों को नमन किया, जिससे उपस्थित जनसमूह की आंखें नम और मन गर्वित हो उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधुओं, व्यापारियों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल देशभक्ति नारों से गूंज उठा और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना को सशक्त किया गया। अंत में सभी ने भारतीय सेना के प्रत्एक सिपाही के प्रति सामूहिक रूप से गर्व और आभार प्रकट करते हुए यह संकल्प लिया कि समाज राष्ट्र और सेना के समर्थन में सदैव एकजुट रहेगा। कार्यक्रम के समय प्रवीण गोयल हैप्पी, नीरज संगल, राहुल तायल, आकाश गुप्ता बं,एन के कंसल, अनिल गोयल,संजीव संगल , ओम प्रकाश ,राजकुमार प्रॉपर्टी,जियालाल एरन, वैभव गोयल, आशीष ,सात्विक संगल,आकाश गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने व्यापार मंडल का 27वां स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शामली के हनुमान धाम के मिलन रेस्टोरेंट में शामली जिला व नगर इकाई द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल का 27 वा स्थापना दिवस महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ जिले के सभी कस्बो के व्यापारियों एवं मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष माननीय घनश्याम दास गर्ग तथा शामली के व्यापार कर उपायुक्त माननीय डॉक्टर लोकेश कुमार जी की गरिमा मय उपस्थिति में केक काटकर एवं उपस्थित व्यापारियों को शुभकामनाओं के साथ संपन्न हुआ जिलावनगर नगर इकाई द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व माननीय डॉक्टर लोमेश कुमार जी उपायुक्त व्यापार कर को पटका पहनाकर और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया इस अवसर पर कार्यक्रम में शामली की छात्रा बेटी



सावीजैन सुपुत्री अंकित जैन जिसने इस बार सीबीएसई बोर्ड में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर जिले व प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर शामली व व्यापारी समाज का गौरव बढ़ाया प्रदेश अध्यक्ष ने बेटी सावि जैन को आशीर्वाद स्वरूप पूरे संगठन की ओर से पटका पहनाकर और फूलमालाओं से स्वागत करते हुए एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने अपने संबोधन में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष स्व नेकीराम गर्ग जी को नमन करते हुए कहा कि 1999 में हरिद्वार की पवित्र देवभूमि पर संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय नेक.ीराम गर्ग ने संस्थापक सदस्य वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के साथ मिलकर यह पौधा गया था। मुख्य अतिथि माननीय डॉक्टर लोक.ेश कुमार ने उपस्थित सभी व्यापारियों एवं संगठन को 27 वे स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल कांधला, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, पंकज वालिया प्रदेश प्रभारी व्यापारीसेना कैराना नगर अध्यक्ष प्रदीप गोयल व महिला प्रदेश संगठन मंत्री शशि अरोड़ा ,रोहित गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांधला, ने भी अपने संबोधन में सभी उपस्थित व्यापारियों को शुभकामनाएं दी इस कार्यक्रम में शामली, कैराना ,कांधला, जलालाबाद, बनत झिंझाना आदि कस्बो के व्यापारियों के साथ व्यापार मंडल के संरक्षक सतीश जैन जी ऐश्वर्या साड़ी विशेष रूप से उपस्थित हुए कार्यक्रम में रवि संगल नगर महामंत्री ,राजेश जैन जिला कोषाध्यक्ष, विनोद शास्त्री, पवन गोयल ,रोहित संगल,आशु पुरी जिला उपाध्यक्ष युवा ऋषभ जैन मनोज मित्तल जिला उपाध्यक्ष , महेश धीमान नगर कोषाध्यक्ष महिला संगठन से रश्मि गर्ग ,कविता संगल, स्नेह लता गर्ग, ऋतु जैनजिलाअध्यक्ष महिल , सुखपाल जागीड, कृष्ण कुमार, वैभव गोयल शिवांग गर्ग ,धारा गर्गआदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

# आग में जला लाखों रुपये का सामान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ़।** बीती देर रात थाना क्षेत्र के ग्राम कुरड़ीखेड़ा स्थित सैटरिंग के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने के कारण वहां रखा हुआ लाखों रुपए का कीमती सामान जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात कुरडीखेडा स्थित सैटरिंग के गोदाम में अचानक आग लग गई ग्रामीणों ने आग बुझाने की बहुत को. शिश की लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि 3 घंटे तक भी नहीं बुझ सकी। गोदाम के मालिक दिलशाद पुत्र शमशाद ने बताया कि उन्हें संदेह है कि यह आग किसी ने उसे नुकसान पहुंचाने के लिए जानबूझकर लगाई गई है। गोदाम में रखा हुआ बेशक. ीमती सामान चाल्ली, सीढ़ी, फट्टी, बलिया आदि लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही बाद में थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और उन्होंने पानी छिड़ककर आग बुझाई।



# आध्यात्म की शक्ति से होता है कायाकल्प: योगीराज

**चिलकाना।** ग्राम पटनी के शिव मंदिर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन प्रवचन करते हुए दिव्य योगी राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि राम उस असीम ऊर्जा का नाम है जो महाजालरूपी ब्रह्माण्ड की केन्द्रीय प्राणशक्ति है।

बृहस्पतिवार की कथा में महाराज ने बताया कि आध्यात्म की शक्ति से ही मनुष्य हर युग में अपना कायाकल्प करता आया है। सनातन धर्म की शक्ति, परमात्मा का ज्ञान, राम की प्रेरणा ही वह शक्ति है जो कि हर बाधाओं को दूर कर सकती है व जो प्रकृति के सभी रहस्यों को उजागर करती है। आचार्य जी ने आगे कहा कि भगवान राम भारत की अंतरात्मा हैं, उन्हें नर और नारायण, दिव्य, सगुण और निर्गुण दोनों रूपों में माना जाता है। वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं मानवीय उत्कृष्टता के आदर्श हैं व धर्म धार्मिकता के साक्षात् स्वरूप हैं। राम वनवास प्रसंग पर बोलते हुए महाराज श्री ने कहा कि राम स्वेच्छा से वनवासी बने क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में प्रवास होना जरूरी है। श्री राम ने मानव को वनवास के माध्यम से सुख दु:ख की सीमा, त्याग, तपस्या, धैर्य, सभ्यता, प्रेम, सहन शीलता, स्नेह, सेवा एवं मर्यादा के गुणों को विकसित करना सिखाया है। रामायण की कथा के अनुसार, कैकेयी ने अपने पुत्र भरत को राजा बनाने हेतु राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगा था। श्री राम ने अपने पिता की आज्ञा का व धर्म का पालन करने के लिए वनवास जाना स्वीकार किया। कथा के मुख्य यजमान राजेंद्र गुप्ता व संतोष, जोनी, मानसी, बबलू सैनी, बेबी सैनी व उमा सैनी मौजूद रहे।

# टैक्स सम्बन्धी शिकायतों की सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम में आयोजित टैक्स समाधान दिवस में आज शहर के विभिन्न वार्डो की आधा दर्जन शिकायते पहुंची। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने मामलों की सुनवाई करते हुए सभी प्रकरणों में जांच के आदेश दिए।



वार्ड नंबर 16 नवीन नगर निवासी कमला लूथरा ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनके भवन संख्या 2बी/1046 का बिल अनावासीय आ रहा है, उसे संशोधित कर आवासीय किया जाए। वार्ड 16 साउथ सिटी के ही गिरीश गाबा ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनके मौहल्ले का नाम एवं टैक्स दोनों में ही संशोधन किया जाना चाहिए। वार्ड 10 हरिलोक कॉलोनी निवासी ऋतु ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि उनके पति का नाम एवं मौहल्ले का नाम दोनों ही गलत लिखे गए हैं। जबकि वार्ड 27 शंकरपुरी कॉलोनी निवासी मुनेष कुमार ने उनका टैक्स विद्युत कनेक्शन की तिथि के अनुसार लगाया जाना चाहिए।

वार्ड 32 खानआलमपुरा निवासी डॉ. विनीता मल्होत्रा ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनका भवन जर्जर स्थिति में है, उन पर लगाया गया टैक्स कम किया जाए। इसके अलावा वार्ड 6 निवासी बालपुर के मोहनसिंह ने प्रार्थना पत्र देकर कहा उन्हें एक ही भवन के तीन बिल भेजे जा रहे है। मो. हनसिंह ने दो बिल निरस्त करने की मांग की। उक्त सभी मामलों में अपर नगरायुक्त ने जांच के आदेश दिए है। सुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, सीटीओ संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा व सुरेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ लिपिक रामकुमार आदि शामिल रहे।

# बिजली आपूर्ति न होने पर किसानों का धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**तीतरों।** दो दिन से बिजली आपूर्ति नहीं होने पर किसानों ने बिजली घर पर हंगामा कर धरना दिया। सुचारू विद्युत आपूर्ति का आश्वासन मिलने के बाद ही किसान धरने से उठे।

महंगी खेत फीडर को दो दिन से विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही थी। मंगलवार की तीसरे पहर तेज हवाओं के कारण हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया था। दो दिन से विद्युत आपूर्ति न होने पर नाराज किसान बिजली घर पर एकत्रित हो गये तथा आपूर्ति नहीं किए जाने का कारण पूछा।

नाराज किसानों ने बिजली घर पर जमकर हंगामा किया। किसानों का कहना था कि भीषण गर्मी के दौरान पानी की आवश्यकता खेतों में सिंचाई के लिए पड़ती है लेकिन दो दिन से आपूर्ति नहीं होने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है।

नाराज किसान बिजली घर परिसर में ही दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए और पावर कारपोरेशन के खिलाफ नारेबाजी की। नाराज किसानों ने पावर कॉरपोरेशन के उच्च अधिकारियों से बात की तो नियमित विद्युत आपूर्ति मिलने के आश्वासन के बाद किसान धरने से उठे और अपने घरों को लौट गये।

इस दौरान उपेंद्र सिंह, राजन, विक्की, अजीत सिंह, राजकुमार, मन्नू, सोनू, नफीस, बाला काला आदि किसान मौजूद रहे।

# विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर मुकदमा चलाए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ सपा नेता व चेयरमैन पद के मजबूत दावेदार आफताब लाला ने कहा कि पाकिस्तान को छटी का दूध याद दिलाने वाली देश की कर्नल बेटी का अपमान करना शर्मनाक है।ऐसा करने वाले को मंत्री पद से बर्खास्त कर सेना और बेटियों का मान रखा जाना चाहिए।

वरिष्ठ सपा नेता आफताब लाला ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह ने एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को धूल चटा देने वाली देश की वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में जिस प्रकार की टिप्पणी की है वह न केवल शर्मनाक है बल्कि देश की सेना और बेटियों का अपमान भी है।ऐसा करने वाला व्यक्ति राष्ट्रप्रेमी नहीं हो सकता।यह ऐसे व्यक्ति की बेटियों महिलाओं को लेकर उसकी मानसिक स्थिति भी बताने के लिए काफी है।उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर एक नया इतिहास रचा है।

आफताब लाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त कर फौरन पार्टी से निकाल देना चाहिए।साथ ही जो लोग अपनी कुंदबुद्धि के साथ विजय शाह के पक्ष में खड़े हों उन पर भी कार्रवाही की जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को इस विषय में देश के सामने आपका पक्ष रखना चाहिए। देश जानना चाहता है कि भाजपा नेतृत्व ऐसे लोगों के विषय में क्या सोच रखता है।





**चिलकाना।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष अंकित चौधरी ने भारतीय सेना की लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा दिये गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की है। प्रखंड अध्यक्ष द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किये जाने व उनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाये जाने मांग की गई है।

ज्ञात हो कि हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के घर मे घुसकर आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया था। इस हमले में भारतीय सेना ने आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करते हुए कई आतंकियों को ढेर कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की मौत का बदला लिया था।

मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताते हुए विवादित बयान दे डाला। जिसके बाद से विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता व बुद्धिजीवी लोगो द्वारा मंत्री विजय शाह के बयान की कड़ी निंदा कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की जा रही है।

इसी कड़ी में आज विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष अंकित चौधरी ने अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि मंत्री विजय शाह ने जो ब्यान दिया है वो नाकाबिले बर्दाश्त है, जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। मन्त्री विजय शाह ने हमारी बहन कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताकर सोफिया कुरैशी ही नहीं अपितु पूरी भारतीय सेना व समस्त देशवासियों का अपमान किया है। इस कृत्य के लिये उन्हें तुरंत मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

इस दौरान प्रखंड मंत्री बृज राणा, पहल सिंह सैनी, ज्ञानेंद्र राणा, अमित कुमार, अंकुर आदि विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दंपति घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** कस्बे के भाटखेड़ी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दंपति घायल हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना देवबंद के गांव मोहदीपुर निवासी शिवकुमार अपनी पत्नी रेखा के साथ स्कूटी से नागल टपरी मार्ग होते हुए सहारनपुर की ओर जा रहा था। करीब 10 बजे जब वह गांव भाटखेड़ी के निकट पहुंचा तो किसी अज्ञात वहां ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें पति पत्नी घायल हो गए। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर उन्हे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# अपराध पर अंकुश लगाने में लगे थाना प्रभारी धर्मेंन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने अपनी सक्रियता, सख्ती, और संवेदनशीलता से कानून-व्यवस्था को नया आयाम दिया है उनकी दैनिक गतिविधियों में सुबह थाना परिसर में जनसुनवाई, शाम को सघन चे. कंग और गश्त, बेसहारा लोगों की मदद, ग्रामीणों से सीधा संवाद, और नशा तस्करी, गोकशी व महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई शामिल है।



थाना प्रभारी के प्रयासों ने न केवल अपराध पर अंकुश लगाया है बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु भी बनाया है हर सुबह थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई में धर्मेंद्र कुमार स्थानीय लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुनते हैं। चाहे वह छोटी शिकायत हो या गंभीर मामला, वे तत्काल समाधान के लिए निर्देश देते हैं। यह पहल ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भरोसा जगाने में कारगर साबित हुई है। शाम को उनकी टीम के साथ सघन चेकिंग और गश्त से क्षेत्र में अपराधियों के बीच खौफ पैदा हुआ है। अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं।

धर्मेंद्र कुमार ने सामाजिक दायित्व को भी बखूबी निभाया है। बेसहारा लोगों को भोजन, आश्रय, और अन्य सहायता प्रदान कर वे पुलिस की मानवीय छवि को मजबूत कर रहे हैं। ग्रामीणों से सीधा संवाद उनकी एक और खासियत है। गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनना और उनके साथ खुलकर बात. चीत करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा है, जिससे जनता और पुलिस के बीच दूरी कम हुई है।

नशा तस्करी, गोकशी, और महिला अपराधों जैसे गंभीर मुद्दों पर उनकी त्वरित कार्रवाई ने अपराधियों में दहशत पैदा की है। हाल के अभियानों में कई तस्करों और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे क्षेत्र में अपराध की दर में कमी आई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की यह सक्रियता और संवेदनशीलता फतेहपुर को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। उनकी कार्यशैली अन्य थाना प्रभारियों के लिए भी प्रेरणा बन रही है।

# पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेहटा।** भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न सामजिक स्थिति के बीच एक युवक को फेसबुक पर देश विरोधी पोस्ट करना युवक को महंगा पड़ा गया पुलिस ने शिकायत मिलते ही युवक को गिरफ्तार करे लिया है।

नकुड कोतवाली में तैनात अतिरिक्त निरीक्षक सिराजुद्दीन ने बताया कि आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुक. दमा में उपरोक्त मोबा. इल के फेसबुक पर देश विरोधी पोस्ट लगाकर और शेयर करने जनता में वैमनस्य की भावना उत्पन्न करने वाले अभियुक्त इस्तकार उर्फ भूरा पुत्र मुमताज निवासी ग्राम रणदेवा थाना नकुड को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किया है।मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# खेत में काम कर रहे सभासद व मजदूरों पर हमला



शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** नगर के मौहल्ला चौधरियान में उस वक्त सनसनी फैल गई जब खेत में काम कर रहे वार्ड सभासद विपिन पाल व पूर्व सभसाद देवकुमार त्यागी व एक अन्य मजदूर विपिन कुमार पर हथियारबंद युवकों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों के हाथों में सरिए, लाठी और डंडे बताए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर बिना कुछ बोले सीधे सभासद व मजदूर पर टूट पड़े। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। हमलावरों ने पीड़ितों के तीन मोबाइल फोन तोड़ डाले और जेब में रखी नकदी भी लूट ली। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। तथा आरो. पियों की तलाश की जा रही है। सभासद पर हुए इस हमले को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर उन्हें जान से मारने की नीयत से आए थे। उनके ऊपर यह हमला बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है।

## बनेगा यूनानी हॉस्पिटल

**चिलकाना।** नगर के मोहल्ला हामिद हसन में खाली पड़ी राजकीय यूनानी चिकित्सालय की भूमि पर जल्द ही राजकीय यूनानी चिकित्सालय निर्माण किया जाएगा।

बृहस्पतिवार को भूमि की जांच के लिए मौके पर पहुंचे राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी राम कृपा सिंह ने बताया है कि इस स्थान पर पूर्व में भी अस्पताल बनाने के लिए शासन से धनराशि स्वीकृत होकर आई थी। परंतु यहां गहरा गड्ढा होने के कारण पैसा वापस चला गया था। अब विभाग को पुन: अस्पताल निर्माण के लिए अवगत करा दिया गया है। शासन से स्वीकृति मिलने पर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। भूमि की पैमाइश करके खाली कराने हेतु एसडीएम सदर को भी पत्र लिखा गया है। वहीं भाजपा नेता जायर हुसैन चांद मियां ने बताया है कि चिलकाना में चार बेड का यूनानी हॉस्पिटल स्वीकृत है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में बहाया पसीना

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिशन से मान्यता प्राप्त जिला बैडमिंटन एसोसिशन सहारनपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज हो गया।

प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे विजेता खिलाड़ियों को कल आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह मे सम्मानित किया जायेगा। जिला बैडमिंटन एसोसिशन के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-13, अंडर-15, अंडर-19 (बालक एवं बालिका) आयु वर्गो मे किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिला बैडमिंटन एसोसिशन सहारनपुर के अध्यक्ष पुण्य गर्ग के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उन्होने प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। जिला बैडमिंटन एसोसिशन के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता ने कहा कि आज देश के बैडमिंटन खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ मे पदक जीतकर परचम लहरा रहे है। उन्होने बताया कि विजेता खिलाड़ियो को कल आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जायेगा।



जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मे रेफरी की भूमिका अंशुल कुमार, मैच कंट्रोल की भूमिका मनीष कुमार व अम्पायर की भूमिका अंश, अभी त्यागी, आरव तोमर, अनिरुद्ध, राज के द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता मे बैडमिंटन कोच अक्षित धीमान, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेन्द्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर।

पत्रांक: निर्माण/निविदा / सहा./2025-165 दिनांक 15/5/25

ई-निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांक: निर्माण / स.पुर/निविदा/2025-818 दिनांक 05.02.2025 द्वारा दिनांक 28.02.2025 एवं पत्रांक 931 दिनांक 05.03.2025 द्वारा दिनांक 22.03.2025 को आमन्त्रित निविदा एकल निविदा रहने के कारण पुन: दिनांक 23.05.2025 को आमन्त्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनॅलाइन आमन्त्रित निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 22.05.2025 के अपरान्ह 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुए) के समक्ष दिनांक 23.05.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आनॅलाइन खोली जायेगी। तत्पश्चात तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय बिड खोली जायेगी एवं शेष नियम व शर्तें पूर्ववत रहेगी।

उप निदेशक (निर्माण)

सूचना

मैने अपने पुत्र मोहिन व पुत्रवधू चांदनी को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

फिरदोस बेवा शौकीन निवासी मौहल्ला इलाहीबख्श, कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।

सूचना

मैने अपने पुत्र आसिफ को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

नसीमा पत्नि स्व. फुरकान मौहल्ला गुलाम औलिया, कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।

# सीबीएसई के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**सहारनपुर।** सीबीएसई कक्षा दस व 12 के मेधावी सफल छात्र छात्राओं का सम्मानित होने का सिलसिला शुरू हो गया है।

समाजसेवी काजी अनवर की पुत्री जुनैरा ने कक्षा 10 में 96 प्रतिशत अंक हासिल किये है। वह एथेनिया स्कूल की छात्रा है।

**छुटमलपुर।** सृष्टि शर्मा ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर श्री रूपराम इंटरनेशनल स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। कॉमर्स स्ट्रीम की इस मेधावी छात्रा ने 100 में से 99 अंक प्राप्त कर अपने कॉलेज में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। सृष्टि की इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता और शिक्षक गौरवान्वित हैं, बल्कि पूरे छुटमलपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

सृष्टि के पिता भूपेंद्र शर्मा, जो बिहारीगढ़ में अकाउंटेंट ऑफिस चलाते हैं और छुटमलपुर नगर पंचायत सभासद ममता शर्मा के पति हैं, ने अपनी बेटी की मेहनत और लगन की सराहना की। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, अनुशासन और शिक्षकों की सलाह ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। सृष्टि का कहना है कि वह रात-दिन मेहनत करती थीं और अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखती थीं।

सृष्टि की इस उपलब्धि ने उनके स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल प्रशासन ने भी उनकी इस सफलता पर प्रसन्नता जताई और इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बताया। सृष्टि के माता-पिता ने बताया कि उनकी बेटी भविष्य में अकाउंटेंसी के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती है और इसके लिए वह अभी से कड़ी मेहनत कर रही है। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। सृष्टि की सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे छुटमलपुर के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों ने भी सृष्टि को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत के भूतपूर्व चेयरमैन स्वर्गीय इस्माईल हुसैन त्रिमीजी उर्फ मीरसाहब की पुत्र वधु एवं भाजपा नेत्री नादिया हसन ने सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके सफलता हासिल करने वाले मेधावी छात्रों एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया है।

नादिया हसन व उनके पति सदर अली इमाम उर्फ प्रिंस ने मेधावी छात्र एवं उनके परिजनों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा है कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। जो छात्र अबके वर्ष अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं वह अतिउत्साहित न हो अपितु और अधिक मेहनत करें ताकि अगले वर्ष और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपना स्कूल, जिला, प्रदेश व देश टॉपर बन सकें। वहीं जो छात्र इस वर्ष अच्छे अंक नही ला पाएं वह निराश न हो अपितु कड़ी मेहनत व लगन से अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें, जिससे कि अगले वर्ष अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने परिजनों का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने छात्रों के परिजनों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को डांट फटकार न करते हुए उन्हें प्यार से समझाएं, बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते उन्हें शिक्षा सम्बन्धी संसाधनों की कमी न लगने दें।

# त्योहार पर न हो कोई नई परम्परा शुरू: कपिल



शाह टाइम्स संवाददाता

**सुल्तानपुर।** नगर के मोहल्ला कोठी वाला में सभासद हाफिज इनाम अहमद के आवास पर आगामी त्यौहार ईद उल अजहा के उपलक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में पहुंचे थाना प्रभारी कपिल देव ने सभासद व नगर के गणमान्य लोगों से जानकारी ली और कहा कि त्योहार पर किसी भी तरह की कोई नई परंपरा को शुरू न किया जाए। आपसी प्रेम भाव के साथ अपने त्यौहार को मनाए। कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो। नगर की शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना सहयोग दें। भाजपा नेता जायर हुसैन चांद मियां ने कहा कि हमारा नगर हमेशा से ही शांति प्रिय रहा है उन्होंने थाना प्रभारी को आश्वा. सन दिया कि शासन प्रशासन के निर्देशानुसार ही शांतिपूर्ण रूप से ही त्यौहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर हाफिज इनाम अहमद, हाजी याकूब, अकबर, जुल्फकार, अख्तर अली, फारूक, इरशाद अहमद, अब्दुल रहमान, सगीर अहमद, प्रकाश चंद सैनी, आशु सैनी, इसम सिंह, संदीप जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## दरोगा पर मारपीट करने का लगाया आरोप
# युवती ने एसएसपी को दिया पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** युवती ने देवबंद कोतवाली में तैनात एक दरोगा पर मारपीट करने सहित गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्यवाई करने की मांग की हैं। एसएसपी ने पीडिता को मामले की जांच कर कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सांपला खत्री निवासी अनीस की पुत्री शबनम ने बताया कि उसके मंदबुद्धि भाई को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पीडिता का आरोप है कि जब वह अपने भाई से मिलने कोतवाली पहुंची वहां दरोगा ने उसके साथ अभद्रता की। इतना ही नहीं जब उसने कोतवाली प्रभारी से शिकायत करने को कहा तो दरोगा ने उसको एक साथ कई थप्पड़ मारे जिससे उसे सुनाई देना भी बंद हो गया। पीडिता ने आरोप लगाया कि उक्त दरोगा ने उससे रुपयो की भी मांग की। शबनम का कहना है कि यदि उससे किसी तरह की कोई गलती हुई है तो उस उसकी सजा महिला पुलिस कर्मी को देनी चाहिए थी। एसएसपी रोहित साजवाण ने युवती को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करने की लगाई गुहार

**देवबन्द।** अजब सिंह ने एसएसपी को लिखे पत्र में मारपीट करने वाले भाई–भतीजों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

खेड़ामुगल के मुकंदपुर गांव निवासी अजब सिंह के मुताबिक उक्त लोग उसके हिस्से की संपत्ति को कब्जाना चाहते हैं। इसके चलते वह कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। दो दिन पूर्व भी उक्त लोग घर में घुस गए तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरु कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। आरोप है बीच बचाव को आए भाई सोमपाल को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कप्तान से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# विद्यार्थियों को सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल मे 'पुलिस की पाठशाला' आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को साइबर अपराध, डिजिटल गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के सम्बंध में जानकारी दी गई।

द दून वैली पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने कहा कि इंटरनेट का उपयोग छात्रों की शिक्षा को सुविधाजनक बनाता है, परंतु इसके दुरुपयोग से खतरे भी उत्पन्न होते हैं। कहा कि किसी भी गलत लिंक पर क्लिक न करें, अनजान व्यक्ति से जानकारी साझा न करें, और साइबर अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। वे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीडन की स्थिति में बिना डर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल कर सकती हैं। एसपी देहात ने विशेषकर छात्रों को ट्रेफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया। क्यांकि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी न केवल जान का खतरा होता है, बल्कि कानूनी सजा भी हो सकती है। किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की मदद ले सकते हैं। स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, प्रधानाचार्य डा. सीमा शर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नियमो का पालन करने से ही सुरक्षित रह सकते है।कार्यक्रम में छात्र–छात्रओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# मेधावी छात्र–छात्रओं को किया पुरुस्कृत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी ने कहा कि हमें अपने सभी छात्रों पर गर्व है हम उन सभी की सराहना करते हैं जिन्होंने एग्जाम में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के को–चेयरमैन अहमद सिद्दीकी एवं मेंटरिंग हेड मलिक मोअज्जम ने कहा कि हम प्रतिस्पर्धा पर नहीं, बल्कि विकास, देखभाल और हर बच्चे की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर जोर देते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य सालेम राज, शिप्रा सहगल एवं हेड मास्टर मुशीरुज्जमां ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कक्षा 12 के वाणिज्य वर्ग में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्रा नबीहा जमा, जैद असद, रायमा खान, विज्ञान वर्ग में मिश्कात, मुस्कान, साफिया अंसार, ह्यूमैनिटीज वर्ग में फरहा असलम, जोया, आसिफा एवं कक्षा 10 में सर्वोच्च अंक पाने वाली आलिया कौसर, मरियम सईद, वजीह खान, रिफा अंसारी, जाहरा गुल, नबील गुल, शरिया, मेहरान आदि को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# वक्फ की विवादित धाराओं पर रोक बरकरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वक्फ विधेयक के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान विवादित धाराओं पर रोक बरकरार रखते हुए सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 मई निर्धारित की है। जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कानूनी प्रगति पर कहा कि आशा. जनक बात यह रही कि अगली सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो–दो घंटे का समय बहस के लिए दिया गया है, यह इस बात का संकेत है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द इसकी सुनवाई पूरी करना चाहती है।

जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि इस पर अदालत का अंतिम फैसला शीघ्रता से आए क्योंकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक के बावजूद कई स्थानों पर मस्जिदों और दरगाहों को अवैध करार देकर गिरा दिया गया है। इसमें उत्तराखंड स्थित एक वकघ्फ दरगाह का मामला भी शामिल है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे जिघ्लों में कई मदरसों, कब्रिस्तानों, ईदगाहों और कई मस्जिदों को अवैध या सरकारी जमीन पर स्थित बताकर तोड़ दिया गया है। मौलाना मदनी ने कहा कि जो लोग संविधान की सर्वोच्चता को खत्म कर चुके हों उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे कानून का सम्मान करेंगे? ये वही लोग हैं जो सत्ता के नशे में खुद को ही कानून समझ बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वकघ्फ 'दान' (चौरिटी) का ही एक रूप है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वकघ्फ को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद गलत प्रचार किया गया है और बहुसंख्यक समुदाय को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई है कि वकघ्फ की आड़ में मुसलमानों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है। जबकि दुखद सच्चाई यह है कि वकघ्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकार ने ही कर रखा है। गौरतलब है कि वकघ्फ कानून के लागू होने के बाद जमीयत उलमा–ए–हिंद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वकघ्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से की थी, जिसके बाद यह मामला तीन बार सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं हो सका।

# वेतन नहीं तो क्रमिक अनशन
## आरएसएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों की डीआईओएस को सीधी चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक और कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को पत्र लिखकर 48 घंटे के अंदर मानव संपदा पोर्टल जनित उनके विद्यालय का वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि निर्धारित समय के भीतर वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो पत्र के अनुसार, विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी 11:00 बजे से 5:00 तक क्रमिक अनशन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर करेंगे। यह अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वेतन बिल विद्यालय को प्राप्त नहीं कराया जाता है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर प्रेस को जानकारी दी की अप्रैल माह का वेतन अभी तक उनके विद्यालय को नहीं मिला है जबकि मानव संपदा पोर्टल से वेतन बिल बनकर डीआईओएस कार्यालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि कल विद्यालय में संगठन की एक मीटिंग हुई थी, जिसमें समय से वेतन न मिलने के कारण जनपद से बाहर के शिक्षकों, कर्मचारियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी होने की बात कही गई थी। शिक्षकों कर्मचारियों ने यह भी कहा की बैंक से लिए गए ऋण की किस्त अदा न होने के कारण उनके सामने बड़ी आर्थिक चुनौती खड़ी हो रही है। साथ ही जनपद से बाहर अन्य जनपदों के शिक्षकों को ग्रीष्म कालीन अवकाश में अपने घर भी जाना है किंतु इन सब समस्याओं को दरकिनार कर जिला विद्यालय निरीक्षक उनके विद्यालय का बिल प्रेषित नहीं कर रहे हैं। मजबूर होकर विद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के साथ मिलकर डीआईओएस कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन की घोषणा की है।

क्रमिक अनशन का नोटिस देने वाले शिक्षकों में शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार देवड़ा तथा शाखा मंत्री अरविंद कुमार सहित चेतन कुमार, अतुल कुमार, नवीन सैनी, असित कुमार, अतर सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुनील राजपूत आदि शिक्षक सम्मिलित हैं।

## गन्ना सर्वे कार्य का निरीक्षण

**हल्दौर।** गन्ना फसल सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत चीनी मिल बिलाई के यूनिट हेड विजय वीर सिंह, आईटी हेड अनुज शर्मा एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक नवीन आर्य द्वारा मिल क्षेत्र के गांवों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गांव मुकरपुर गुर्जर, सलेमपुर, फेजीपुर, मीरपुर सिकरी, गंधौर आदि दर्जनों गांव का भ्रमण कर किसानों को गन्ने में इस समय लगने वाले किट व रोग आदि के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव के उपाय भी बताएं गये। इस समय गन्ने में टॉप बोरर कीट की तितली दिखाई दे रही है,जिसके नियंत्रण हेतु इस समय लाईट ट्रैप या फेरोमैन ट्रैप लगाकर भी नियंत्रण किया जा सकता है अन्यथा टॉप बोरर नियंत्रण के लिए कोराजन की ड्रेंचिंग 150 एमएल प्रति एकड़ की दर से 400 लीटर पानी में घोल बनाकर करनी चाहिए का सुझाव दिया। इसी के साथ क्षेत्र मे चल रहे गन्ना सर्वे का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारी हरिप्रकाश शर्मा, किसान बहादुर लाल, जयपाल सिंह, अशोक कुमार, ननवा सिंह, मूलचंद, अमित कुमार, कपिल, ओमकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक माह के माइक्रोबायोलॉजी लैब प्रशिक्षण का समापन
## क्विज प्रतियोगिता में कौसर जहां प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलाजी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में माइक्रोबायोलॉजी एक माह का लैब सैशन कराया जा रहा था, जिसमें सभी स्थानीय स्कूलों के छात्र–छात्राओं को माइक्रोबायोलॉजी ट्रेंनिग करायी गयी। माइक्रोबायोलॉजी लैब में छात्र–छात्राओं को पानी की जांच, खून की जांच और फूड की जांच, जीवाणुओं की जांच जैसे प्रयोग कराये गये।

लैब सैशन के समापन में सभी छात्र–छात्राओं के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गयें।

क्विज प्रतियोगिता में छात्रा कौसर जहाँ ने प्रथम स्थान, छात्रा रोजी ने द्वितीय एवं छात्र मौ. सैफ ने तृतीय स्थान तथा छात्रा बुसरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी छात्र/छात्राओं को उनके भविष्य में बहुत ही उपयोगी साबित होगा। उधर संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई ने सभी छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के बीएससी माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रीति विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक गौर्व सिंह एवं शिक्षक–शिक्षिकाएं जौली चौहान, रेशु रानी, मानसी, बृजनेश सिसौदिया, जीत सिंह, संदीप विश्नोई, सचिन कुमार और छात्राओं में अनिल कुमार, स्वश्नु परतीन, कान्तन्न रोजी, सानिया, खुशी, टीना, सिमरन, कशिश पाल, मानशी, ताहिरा, इन्तिफा, अंजली, अल्फिया, अना. मिका, मुजाहिद, बुसरा, आफिया, साक्षी ठाकुर, पूजा चौहान आदि उपस्थित रहें।

## नहर की पटरी टूटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** दो गांवों में नहर की पटरी टूट जाने से किसानों फसल डूब गई। किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरु कराया।

गांव मुकरपुर सत्ती में शेखपुरा रजवाहे नहर की नहर की मंगलवार की देर रात टूट जाने से किसानों की खड़ी फसल डूब गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसानों ने मामले की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के

### सिंचाई विभाग ने मरम्मत कार्य कराया

अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरु कराया। वहीं गांव शादीपुर मिलक में नहर की पटरी टूट जाने से मुकरपुर सत्ती, खैराबाद, लाड़नपुर आदि गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा फसल भी डूब गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी। सिंचाई विभाग के जेई द्वारा टूटी नहर की मरम्मत कार्य शुरु कराया। फसल डूब जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

# अभिनन्दन समारोह में मेधावी सम्मानित
## प्रियंका मॉडर्न स्कूल में कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषणा के बाद प्रियंका मॉडर्न स्कूल में बोर्ड के विद्यार्थियों और शिक्षकों में परिणामों के प्रति आतुरता बढ़ गई।

इस वर्ष भी विगत वर्षों की भाँति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड विद्यार्थियों ने शानदार कीर्तिमान स्थापित कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं के पीसीएम ग्रुप के छात्र वैभव यादव ने 97.4% अंक प्राप्त कर जनपद बिजनौर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा स्नेहा चौहान ने 98.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

सत्र 2024–25 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में 'अभिनंदन समारोह' के दौरान प्रधानाचार्य डीएस नेगी द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य इन मेधावी छात्र–छात्राओं के माता–पिता / अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने चार चाँद लगा दिये। अभिनंदन समारोह में लगभग 150 विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों अर्थात् जनपद टॉपर, स्कूल टॉपर, कक्षा–टॉपर, विषयवार शत् प्रतिशत या सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी तथा 90 % से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी के रूप में सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि यह पल हमारे लिए बहुत ही गौरव का है, जब हम अपने मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता–पिता, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सम्मुख सम्मानित कर रहे हैं। वास्तव में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है।

## उज्जवल पुष्पक का बेहतरीन प्रदर्शन

**स्योहारा।** मेरी एंड जीसस कान्वेंट स्कूल की दसबी बोर्ड परीक्षा मे उज्जवल पुष्पक पुत्र श्रवन कुमार पुष्पक ने गणित संकाय में विद्यालय में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों प्रधानाचार्य अनीता सिंह और प्रबंधक सीसी सिंह और अध्यापकों को दिया है।

## चांदपुर में पांच वारंटी गिरफ्तार

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए सभी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस ने इरशाद अहमद पुत्र सगीर अहमद, सगीर अहमद पुत्र यासीन अहमद निवासीगण ग्राम महमूदपुर थाना चांदपुर, बलवीर सिंह पुत्र प्रेमा सिंह निवासी ग्राम महमदाबाद थाना हल्दौर, राजीव कुमार पुत्र मूला सिंह निवासी ग्राम वीरोपुर थाना चांदपुर व शौकत पुत्र अल्ला दिया निवासी मौहल्ला शाहचंदन कस्बा व थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप.नि. प्रमोद कुमार थाना चांदपुर, उप.नि. हिमांशु कुमार थाना चांदपुर, उप.नि. रोबिन कौशिक थाना चांदपुर, कांस्टेबिल सौभ पंवार, कांस्टेबिल .मौ. सिराज, का. गजेन्द्र कुमार, का. कृष्ण कुमार शामिल रहे।

## घर में घुसकर मारपीट के दो आरोपी दबोचे

**चांदपुर।** गांव अकबरपुर झोझा थाना चांदपुर निवासी जुलफुकार अहमद पुत्र गफ्फार अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही गुलफाम, राशिद, खालिद पुत्रगण हिफैत अहमद, कुरबान अहमद पुत्र बदलू अहमद, रिजवान अहमद पुत्र कुरबान अहमद निवासीगण नामालूम ने वादी के घर में घुसकर वादी की पत्नी हीना परवीन, भाई दानिश व पुत्र सद्दाम पर लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर देने का आरोप लगाया था।

# पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** उपनिदेशक पंचायती राज मुरादाबाद मंडल के कुशल नेतृत्व में एक दिवसीय सतत विकास के स्थानीय लक्ष्य एवं पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर दमनप्रीत अरोड़ा एवं समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रतिभागियों से वार्ता करते हुए डीपीआरओ द्वारा बताया गया कि सतत विकास के 17 लक्ष्यों को सितंबर 2016 में 193 देश के द्वारा अपनाया गया।

2030 तक सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना है। प्रथम सत्र में प्रशिक्षक अशोक कुमार तोमर द्वारा पंचायत विकास सूचकांक विषय पर चर्चा की आपके द्वारा बताया गया कि पंचायत विकास सूचकांक में बिजनौर 38 वें स्थान पर है। जनपद बिजनौर सी श्रेणी में रखा गया है। सबसे अधिक कार्य थीम तीन बाल मित्र पंचायत में 72% एवं सबसे कम कार्य थीम 7 सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव 42% कार्य किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि मैंने अपना नाम CHAND MIAN से बदल कर CHAND MIYAN रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

CHAND MIYAN
S\O SHAUKAT
815\4 KAYASTHWARA
NEAR SAFED HAVELI
DEOBAND
SAHARANPUR, U.P

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम ISHRANA से बदल कर ISRANA रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

ISRANA
W\O CHAND MIYAN
815\4 KAYASTHWARA
NEAR SAFED HAVELI
P.O. DEOBAND
(SAHARANPUR)

**सूचना**

मैंने अपनी पत्नी प्रेमलता पुत्र राहुल व पुत्रवधू प्रीति से उनके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन तीनों का मेरे में मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

चरण सिंह पुत्र छल्लूसिंह
मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती
देवबंद जिला सहारनपुर

# WTC-2025 के विजेता पर होगी पैसों की बारिश

● आईसीसी ने इनामी राशि दोगुना की, चैंपियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

**दुबई, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे।

आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि आईसीसी की ओर से मैं दोनों टीमों के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं, यह हमारे लिए आईसीसी खिताब जीतने का एक अच्छा अवसर है। हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है और यह हम सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हारी



■ जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से अपने नाम किया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल के दूसरे राउंड में जापान की रूई हीरो. कामि और सायाका होबारा से हारकर थाईलैंड ओपन 2025 से बाहर हो गईं। यहां निमिबुत्र स्टेडियम में 53 मिनट तक चले मुकाबले में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जपानी जोड़ी से मिली हार के इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई क्योंकि सभी पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबले हार गए। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन 20-22 से हार गईं। इसके बाद जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से जीतकर मैच जीत लिया। अन्य मुकाबलों में महिला एकल में उन्नति हुड्डा भी बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 14-21, 11-11 से हार का सामना करना पड़ा। मालविका बंसोड़ को भी थाईलैंड की खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन से 12-21, 16-21 से हराया।

# विदेशी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से टीमों को नहीं पड़ेगा फर्क

● अस्थायी खिलाड़ियों को जोड़ने की दी मंजूरी, नियमों में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया और फेंचाइजियों को उनके सभी खिलाड़ियों को एकत्र करने के निर्देश दिए। हालांकि, कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने बाकी बचे सत्र के लिए अनुपलब्धता जाहिर की है। ऐसे में आईपीएल ने टीमों को राहत देने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अपने साथ अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को जोड़ने की मंजूरी दी है। दरअसल, कुछ विदेशी खिलाड़ी आगामी मैचों के लिए अनुपलब्ध हैं। मूल कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का फाइनल 25 मई को होना था लेकिन अब यह तीन जून को होगा जिससे राष्ट्रीय टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए इसमें खेलना मुश्किल हो जाएगा। कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों से वापस नहीं आ रहे जबकि मौजूदा सत्र में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले जेमी ओवरटन जैसे खिलाड़ी विंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ब्रिटेन में ही रहेंगे। पीटीआई ने आईपीएल के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कहा कि हमें आईपीएल 2025 को अस्थाई रूप से निलंबित करना पड़ा जिसके परिणामस्वरूप इसे 25 मई 2025 की पूर्व निर्धारित तिथि के बाद पूरा करना पड़ रहा है इसलिए हमने वैकल्पिक खिलाड़ी से जुड़े प्रावधानों का पुनरू मूल्यांकन किया है। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी के कारण कुछ विदेशी प्लेयरों की अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के समापन तक अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी जाएगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दासनायके को अमेरिका की टीम का कोच बनाया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दासनायके ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाई थी।दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले। अमेरिका की टीम का फिर से कोच बनाये जाने पर दासनायके ने कहा कि अमेरिका पुरुष राष्ट्रीय टीम में वापस आना और उसका नेतृत्व करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका क्रिकेट के लिए कुछ सार्थक करने के लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की टीम भारत में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है।

### दिल्ली ने फ्रेजर मक्गर्क की जगह मुस्तफिजुर रहमान रिप्लेस किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गर्क के कारणों से आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है।

आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थागित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैंचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है। आईपीएल ने फ्रैचाइजी को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ियों की राष्ट्रीय जिम्मेदारियों, व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी की वजह से अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के आखिर तक अस्थायी रूप से खिलाड़ी लेने की अनुमति है। उन्होंने कहा जिस भी खिलाड़ी को अस्थायी अनु. बंधित किया जायेगा। फ्रैचाइजी उन्हें अगले सत्र के लिए रिटेन नहीं कर पायेगी। यह फैसला संभवतध इसीलिए लिया गया है ताकि फ्रैचाइजी नीलामी प्रक्रिया को दर्र. कनार करने के लिए जानबूझकर रिप्लेसमेंट न लें, बल्कि जरुरत के आधार पर ही ऐसा करें।

# शोएब मलिक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मेंटर का पद छोड़ा

**लाहौर, वार्ता।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। उल्लेखनीय है कि मलिक ने दो सप्ताह पहले बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि अब वह अगले सत्र में मेंटर नहीं होंगे। वह अपने शेष अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा निर्वहन करेंगे। पीसीबी ने शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और वकार यूनिस को मेंटर के रूप में 2027 तक तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया था। मलिक का इस्तीफा सार्वजनिक होने के बाद मीडिया रिपोर्टों ने बताया कि पीसीबी ने सभी पांच मेंटरों को हटाने का फैसला किया है। हालांकि पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड को इस बारे में नहीं बताया है। साथ ही अन्य मेंटरों का कहना है कि उन्हें किसी भी बदलाव के बारे में सूचित नहीं किया गया है।

# मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित शर्मा

■ औसत और स्ट्राइक रेट में हुआ सुधार, रोहित ने पांच मैचों में फेल रहने के बाद की जबरदस्त वापसी

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरुआत 17 मई से होने जा रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। हालांकि, दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की वापसी को लेकर फैंस में उत्साह है।

अंक तालिका में फिलहाल गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष पर है। वहीं, आरसीबी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। एमआई की टीम ने लीग में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और अंक तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर हैं। इसका श्रेय टीम के ओपनर रोहित शर्मा को भी जाता है, जिन्होंने शुरुआती पांच मैचों में फेल रहने के बाद जबरदस्त वापसी की और पिछले पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े। पिछले साल यानी 2024 में मुंबई की कप्तानी से हटाए जाने के बाद से रोहित ने खूब रन बनाए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि कप्तानी छोड़ने के बाद से उनके औसत और स्ट्राइक रेट में बढ़ोतरी हुई है। रोहित ने 2017 से लेकर 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए 100 पारियों में 24.6 की औसत और 127.4 के स्ट्राइक रेट से 2337 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए। वहीं, 94 छक्के लगाए। वहीं, साल 2024 से लेकर अब तक रोहित ने 25 पारियों में 31.17 की औसत और 150.9 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 40 छक्के भी लगाए हैं। यानी कप्तानी छोड़ने के बाद से उन पर से दबाव हटा है और वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस आईपीएल में मुंबई की टीम उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल कर रही है और इसका फायदा उन्हें मिला है। वह मैदान पर फील्डिंग करते हुए थकते नहीं हैं और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल बल्लेबाजी के दौरान करते हैं। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी है। हालांकि, साल 2024 में मुंबई टीम मैनेजमेंट ने उन्हें हटाकर हार्दिक पांडया को कप्तानी सौंपी थी। पिछले साल मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। हालांकि, इस साल टीम अच्छा कर रही है। रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह पिछले साल टी20 अंतर्राष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं। लीग में वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं। वहीं, भारत के लिए अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखेंगे।

# हरियाणा ने अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीते




**राजगीर, वार्ता।** हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते।

यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई। हरियाणा की लड़कियों की एपी टीम की कप्तान दीपांशी ने कहा कि हमारी टीम अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को जाता है। टीम स्पर्धा में यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है और मुझे अपनी लगातार जीत पर गर्व है। पुरुषों की कृपाण टीम के कप्तान उज्ज्वल ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया था और मैं टीम वर्क और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए भाग्यशाली था। मैं अपने कोच कपिल, राजपाल यादव, नरेंद्र सिंह और सुरेश को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण पदक

**पटना, वार्ता।** कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया। हरियाणा की ओर से काफी ने 22, भूमि कतारिया ने 22 और वैष्णवी ने 13 का स्कोर किया। वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लड़कों के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला कड़ा और कम स्कोर वाला रहा। एक समय दोनों टीमें लगभग बराबरी पर थीं। अंतिम क्वार्टर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक-एक थ्री-पॉइंटर लगाया, जिससे राजस्थान के लिए मैच में वापसी मुश्किल हो गई।

### इंग्लैंड ने साउथी को टीम का सलाहकार किया नियुक्त

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को पुरुष टीम का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया है। टीम साउथी ने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 126 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में सबसे अधिक 776 विकेट लिए है। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 से अधिक वर्षो का अनुभव है। उन्होंने दिसंबर 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। ईसीबी का मानना है कि साउथी का अनुभव इंग्लैंड की टीम के लिए बहुत उपयोगी होगा। टीम साउथी जिम्बाब्वे के खिलाफ 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में शुरु होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि साउदी की यह नियुक्ति लंबे समय के लिए नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि सलाहकार भूमिका के समापन के बाद साउथी के बर्मिंघम फीनिक्स के साथ द हंड्रेड में खेलना फिर से शुरू कर सकते है।




# इंग्लैंड ने विंडीज सीरीज के लिए गेंदबाज वोंग को टीम में वापस बुलाया



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए घोषित 14 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को वापस बुलाया है। चयनकर्ताओं ने हीथर नाइट के इस्तीफे के बाद स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट को तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों के लिए पूर्णकालिक कप्तान की जिम्म्मदारी सौंपी है। वोंग की वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इसके साथ ही एलिस डेविडसन-रिचड्र्स और एम्मा लैम्ब की भी एकदिवसीय टीम में वापस आयी है। इस सीरीज में तेज गेंदबाज एमिली अर्लट भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। उन्हें टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

**टी-20 टीम:**- नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एमिली, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सारा, एमी, हीथर नाइट, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसे, इस्सी वोंग व डैनी वायट**वनडे टीम:** नेट सायवर-ब्रंट (कप्तान), एलिस- रिचड्र्स, एमिली अर्लट, टैमी,बेल, केट, चार्ली, सोफिया, माहिका, सारा, एमी, हीथर, एम्मा व लिंसे स्मिथ।

# नदीम और हम कभी करीबी दोस्त नहीं थे: नीरज

● पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर को बुलाने पर ट्रोल हुए थे कल दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे

**दोहा, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कहा है कि वे और अरशद नदीम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर कहा कि 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी।

नीरज चोपड़ा 16 मई को अपने डायमंड लीग अभियान का आगाज करेंगे। रात 10:15 बजे उनका इवेंट होगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद नीरज चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, नीरज ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि वह इवेंट स्थगित किया जा चुका है। सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन, इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।

सफाई भी दी- आतंकी हमले से पहले आमंत्रित किया था पेरिस गेम्स के रजत विजेता स्टार ने पहले कहा था कि नदीम को उनके सम्मान में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट में उनके और उनके परिवार की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने से उन्हें बहुत दुख हुआ। चोपड़ा ने तब स्पष्ट किया था कि एनसी क्लासिक के लिए निमंत्रण पहलगाम आतंकी हमले से एक दिन पहले भेजे गए थे जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

नीरज नीरज चोपड़ा ने कहा कि बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनिया भर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं। जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं, बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा। हरियाणा के स्टार ने कहा कि भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।

### एशियाई मुक्केबाजी में पांच स्वर्ण देने वाले भारतीय बने हिमांशु सिंह

चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

**संतकबीरनगर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश में संतक, बीरनगर जिले के हिमांशु सिंह ने साउथ एशियन आर्म बॉक्सिग चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

पेदम स्टेडियम मापुसा गोवा में दिनांक 09 से 11 मई तक आयोजित साउथ एशिया आर्म बॉक्सिग चैंपियनशिप 2025 में हिमांशु सिंह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने 51 किलो भार वर्ग जूनियर कैटेगरी में पांच इवेंट्स में प्रतिभाग किया जिसमें फुल बॉडी कॉन्टैक्ट, एमेच्योर बॉक्सिंग, लो बॉडी कॉन्टैक्ट, टच कॉन्टैक्ट और म्यूजिकल फॉर्म शामिल है। उन्होने पांच इवेंट्स में पांच स्वर्ण पदक हासिल करके भारत का नाम रोशन किया। आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव नसीरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि हिमांशु की इस उपलब्धि पर इंडिया के टीम और सभी लोगों में खुशी का माहौल है। हिमांशु सिंह आगे चल कर एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे और भारत देश का नाम करेंगे। हिमांशु सिंह संतकबीरनगर जिले के छोटे से गांव रसूलपुर के निवासी बालकृष्ण सिंह के पुत्र हैं। वह गोरखपुर जिले के सहजनवा में स्थित गीडा सेक्टर 23 में अपने मामा के यहां बचपन से रहते हैं। उनके पिता जाने-माने पहलवान और प्रगतिशील किसान हैं।

# विधायक आशु ने उठाए सिंचाई विभाग से जुड़े मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में सिंचाई विभाग से जुडी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

बैठक में विधायक ने कहा कि हौजखेडी माइनर की पटरी के निकारें से खरौली रजवाहे से आमदपुर जाने वाला लगभग दो किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त है यह मार्ग दमकडी, दाबकी गुर्जर, हौजखेडी, भाऊपुर, आदमपुर का सम्पर्क मार्ग है। जिसके कारण ग्रामीणों को भारी समस्या से रूबरू होना पडता है। समस्या के समाधान हेतु अधिशासी अभियंता अपर खण्ड पूर्वी यमुना नहर को अवगत कराया गया था, लेकिन अभ्जी तक भी मार्ग का निर्माण नही हुआ।



ग्राम मालाहेडी से जा रहे विजा. पुरा की ओर पूर्वी यमुना नहर की पटरी रजवाहे पिलखनी के नीचे से पटरी और इनलेट टूट गये थे। जिसके कारण गांव में जलभराव रहता है। इसके अलावा ब्लाक पुंवारका में ग्राम हीराहेडी में पीकी माइनर के हैड से 1200 मीटर की दूरी पर मखरज डेमेज हो गया है। विधायक ने कहा कि इन सभी प्रमुख समस्याओं से सिंचाई अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था, लेकिन अभी तक भी समाधान नही हो पाया। समिति की ओर से जल्दी समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया है।

## मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी एक दंपति ने अपने परिवार की दो महिलाओं समेत पांच लोगों पर मारपीट करने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित मेहरबान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बृहस्पतिवार सुबह वह गांव में ही मजदूरी करने के लिए गया था। घर पर उसकी पत्नी तथा बच्चे अकेले थे। उसकी पत्नी साझे के नल पर पानी लेने के लिए गई थी। तभी उसके बड़े भाई की पत्नी तथा बेटे ने उसकी पत्नी के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की। सूचना मिलने पर जब वह घर आकर मारपीट संबंधी जानकारी की तो उसके दोनों भाईयों समेत दोनों की पत्नियों व भतीजे ने उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसानों के मसीहा स्व. टिकैत को मिले भारत रत्न: मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने किसान नेता स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत को भारत रत्न दिये जाने की मांग की।

मुजतबा मलिक ने किसान को उसके हको की लड़ाई लड़ने का हौसला देने और उसकी फसलो की सही कीमत दिलाये जाने बिजली बैंक अमीन तहसील किसान सहकारी सोसाइटीयो में उनके शोषण को रोकने के लिये एकजुट होकर इन्सपेक्टर राज के खिलाफ लामबंद होने की ताकत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय किसान नेता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होने केंद्र सरकार से माँग की उनको भारत रत्न दिया जाना आवश्यक है और अनेकों किसान योजनाओं के नाम उनके नाम पर सरकार चलाये।

इस अवसर पर मनोज चौधरी, मोनू आमिर मलिक, नोशाद अली, परवेज मलिक आदि मोजूद रहे।

# फर्जी आईडी से फिरौती की मांग

**सहारनपुर।** आज के इस डिजिटल युग में ठीक उसी प्रकार से कुछ शरारती तत्व युवकों के हाथों में मोबाइल का होना भी खतरे से खाली नहीं है।



ऐसा ही एक मामला मोहल्ला मंसूर कॉलोनी इमरान पुत्र अख्तर के साथ घटनाक्रम सामने आया है, क्या है पूरा मामला आपको विस्तार से एक एक जानक. ारी देंगे। प्रार्थी इमरान जो कि पेशे से एक मोटरसाइकिल मैकेनिक है वह पिछले कई वर्षों से मजदूरी कर सामाजिक रूप से ईमानदारी के साथ अपने परिवार का पालन पोषण करता आ रहा है। उसे पिछले कई माह से फरमान पुत्र रमजानी निवासी हुसैन बस्ती छोटी मस्जिद के पास थाना मंडी के द्वारा फर्जी ट्विटर हैंडल बनाकर अलग-अलग नामों से उसे लगातार परेशान किया जा रहा था। पीड़ित इमरान ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया की एक व्यक्ति जिसका नाम फरमान पुत्र रमजानी है जो हुसैन बस्ती छोटी मस्जिद के पास थाना मंडी क्षेत्र का रहने वाला है उसके द्वारा पीड़ित इमरान के विरुद्ध ट्विटर पर लगातार गलत सूचना डाल रहा है, इमरान ने बताया उक्त व्यक्ति के द्वारा झूठी शिकायत के आधार पर थाना मंडी व थाना कुतुब शेर पुलिस भी इमरान की दुकान पर भी कई बार आई और उसकी दुकान की तलाशी भी ली उसने बताया मगर पुलिस को कुछ ऐसा बरामद नहीं हुआ, जबकी फरमान के द्वारा पुलिस को भी लगातार गुमराह किया जा रहा है, बकौल इमरान के पुलिस ने बताया यह फरमान नामक व्यक्ति अक्सर गलत पोस्ट कर पुलिस प्रशासन को भी भर्मित करता आ रहा है, यही नहीं बल्कि फरमान ट्विटर पर पीड़ित इमरान के खिलाफ कभी तो फरमान नाम से तो कभी साहिल नाम से फर्जी आईडी बनाकर पीड़ित के विरुद्ध सहारनपुर के एक अपराधी के साथ इमरान की फोटो लगाकर उसका नाम बदनाम करने का भी लगातार प्रयास कर रहा है, जिसको लेकर पीड़ित इमरान ने हुसैन बस्ती निवासी फरमान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उसे न्याय दिलाने के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

## लापता का सुराग नहीं

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर से गुमशुदा हुए 8 वर्ष के बच्चे की हत्या होने के बाद ग्राम पटनी निवासी 4 माह पूर्व लापता हुए युवक जुलफान के परिजनों को उसकी जान की चिंता सताने लगी है।

4 महीने 5 दिन पूर्व 24 वर्षीय एक अविवाहित युवक जुलफान पुत्र अशरफ सुबह के समय अपने घर से निकल गया था। जो कि आज तक भी वापस घर लौट कर नहीं आया है। परिजनों ने बताया है कि जब वह घर से निकला तब उसने नीले रंग की पेंट व गुलाबी रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। गुमशुदा के भाई इरफान ने बताया है कि उसने जुल्फान की गुमशुदगी भी उसी समय थाना पर दर्ज करा दी थी। बतातें चलें कि लगभग चार दिन पूर्व ही नगर निवासी एक 8 वर्षीय किशोर की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद उसकी लाश बेहट क्षेत्र में मिली थी।

# पंचतत्व में विलीन हुए कलम के सिपाही प्रभाकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार एवं स्वतंत्रता सेनानी पद्मश्री कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर के सुपत्र एवं वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश प्रभाकर का भौतिक शरीर पंचतत्व में विलीन हो गयी। 98 वर्ष की आयु में बुधवार की शाम उनका निधन हो गया था। हकीकत नगर स्थित श्मशान घाट पर मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र हर्ष प्रभाकर ने दी।

इससे पूर्व रेलवे रोड, हाथी बिल्डिंग स्थित उनके निवास पर नगर निगम की ओर से महापौर डॉ. अजय कुमार व उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विधायक राजीव गुंबर ने उनकी पार्थिव देह पर शॉल और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की ओर से



जयनाथ शर्मा व मनीष कच्छल, भाजपा की ओर से महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, साहित्यकारों की ओर से डॉ. वीरेन्द्र आजम, डॉ. विजेंद्र पाल शर्मा व मनु स्वामी (मुजफ्फरनगर), स्वामी रामतीर्थ केंद्र की ओर से सर्वेश्वर प्रभाकर तथा व्यापार मण्डल की ओर से शीतल टण्डन ने शॉल और पुष्प अर्पित कर अखिलेश प्रभाकर को भावांजलि अर्पित की।

हाथी बिल्डिंग रेलवे रोड से शुरु हुई उनकी अंतिम यात्रा में उपरोक्त के अलावा पूर्व मंत्री संजय गर्ग व सरफराज खां, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व डीजीसी गोकरणदत्त शर्मा एडवोकेट, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सेठी, के एल अरोड़ा, हेमंत अरोड़ा, अभय राणा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र तनेजा व व्यापारी नेता विवेक मनोचा के अलावा सुशविंद्र टोनी, आमिर खां एडवोकेट, सहित शहर के अनेक राजनेता, व्यापारी, चिकित्सक व गणमान्य लोग शामिल रहे।

# बच्चों ने सैनिकों के लिए डीएम को सौंपा बैंक ड्राफ्ट

**सहारनपुर।** मोंटफोर्ट स्कूल के बच्चों ने वीर सैनिकों के लिए राष्ट्रीय रक्षा कोष में 5100 का बैंक ड्राफ्ट जिलाधिकारी को दिया यह राशि बच्चों ने घर में अपनी गुल्लक फोड़ कर इकट्ठी की थी।

देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति अपने योगदान के लिए हर कोई आगे आ रहा है गागलहेडी कस्बे के मोंटफोर्ट स्कूल के विधार्थी बुधवार को कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा के साथ जिलाधिकारी मनीष बंसल से मिले। उन्होंने सैनिकों के लिए 5100 का बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिए दिया। डीएम ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के सचिव हर्षित गर्ग ने देशभक्ति के इस नेक कार्य के लिए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा ने डीएम को बताया कि भारत-पाक के बीच पिछले दिनों हुए संघर्ष के बाद से ही बच्चे रोजाना कक्षा में बातचीत करते थे कि हमें भी सैनिकों के लिए सहयोग देना चाहिए। उनकी इसी सकारात्मक सोच को ध्यान में रखते हुए बच्चों को ऐसा करने की अनुमति दी गई। अपनी पॉकेट मनी से घर में गुल्लक में रखे गए पैसे को उन्होंने स्कूल में लाकर जमा किया था। जिलाधिकारी को बैंक ड्राफ्ट सौंपने वालों में शिक्षाविद दिनेश गुप्ता, समा. जसेवी हिमांशु गर्ग, रुद्र यादव, आदित्य यादव, शैली अवनिया, पलक तनवीर व लक्की आदि विधार्थी उपस्थित रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय के नए कुलपति बने प्रो. एचएस सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/मिर्जापुर।** गुणवत्ता और रोजगारपरक उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले ग्लोकल विश्वविद्यालय के विकास में एक नया अध्याय जुड़ गया। प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ. हृदय शंकर सिंह को ग्लोकल विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। मूलरूप से गोरखपुर क्षेत्र के निवासी डॉ. सिंह शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासन में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। साथ ही देश-विदेश के शैक्षणिक मंचों पर उनकी नेतृत्व क्षमता और विद्वता को व्यापक रूप से सराहा गया है।

प्रोफेसर सिंह को इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के प्रथम कुलपति के रूप में कार्य करने का भी गौरव प्राप्त है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के प्रारंभिक विकास चरणों में शैक्षणिक और संस्थागत संरचना की नींव रखी और उसे एक सशक्त शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,



मेरठ के जंतु विज्ञान विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया और वहीं से सेवानिवृत्त हुए। वह अपने करियर के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो- वाइस चांसलर, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक तथा सर छोटू राम इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर भी नियुक्त रहे। वह चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की एकेडमिक काउंसिल और एग्जीक्यूटिव काउंसिल के भी मेंबर रह चुके हैं। इसके साथ ही रिसर्च के क्षेत्र में भी उनका एक अहम योगदान रहा है। उनके निर्देशन में 90 छात्रों ने एमफिल और 35 छात्रों ने पीएचडी की है। उन्हें देश और विदेश से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए तमाम पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

प्रोफेसर सिंह को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम विकास, तथा अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष दक्षता प्राप्त है। वे कई अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संगठनों से जुड़े रहे हैं और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। साथ ही, उन्होंने दर्जन भर से अधिक देशों की अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्राएं भी की हैं, जिनके माध्यम से उन्होंने वैश्विक शिक्षा और नवाचार से जुड़े विविध अनुभव प्राप्त किए हैं।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात, प्रोफेसर सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। शैक्षणिक व प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट की और विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य ग्लोकल विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान नवाचार, और वैश्विक सहयोग के एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करना है।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अधिकारियों, संकाय सदस्यों और छात्रों ने प्रोफेसर सिंह की नियुक्ति का स्वागत किया है और विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# डीएम ने की सिंघली नदी के पुनरुद्धार की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल तहसील नकुड में सिंघली नदी के पुनरुद्धार के कार्य की ग्रामवार गहन समीक्षा की।

श्री बंसल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अभिलेखों के अनुसार हुए चिन्हांकन के तहत ही नदी की चौडाई एवं गहराई की खुदाई की जाए। जिलाधिकारी श्री बंसल ने आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा के दौरान कहा कि यदि नदी की गहराई एवं खुदाई कम पाई गयी तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में नदियों को जीवित करने हेतु उनके जीर्णोद्धार की दिशा में लापरवाही न बरती जाए। अधिकारी निरंतर कार्य का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि खोदाई के साथ ही साथ नदी किनारे नेपियर घास की बुवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किनारों पर निश्चित दूरी पर ह्यूम पाइप डाले जाएं। ग्राम वासियों को भी नदी की खोदाई के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें नदी के फायदों के बारे में बताया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य को जून माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी नकुड़ श्रीमती संगीता राघव, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी गंगोह अमित कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पंचायतों के विकास में सभी की हो सहभागिता: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इसलिए सभी विभाग बेहतर कार्य करें।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज विकास भवन सभागार में पंचायत विकास सूचकांक पीडीआई और पंचायत विकास योजना पीडीपी वित्तीय वर्ष 2024-25 पर एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला के अन्तर्गत वीडियो फिल्म सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण (एलएसडीजी) के प्रगति के आंकलन के लिए पीडीआई और संस्थागत तंत्र का उन्मुखीकरण किया गया तथा इसके लाभ रणनीति और परिणाम पर विचार किया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने 73वें



संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए कहा कि स्थानीय स्वशासन को अधिक स्वायत्त बनाने के दृष्टिगत सशोंधन किया गया। उन्होने लोक प्रशासन के थ्री एफ सिद्धान्त का भी जिक्र किया। उन्होने कहा कि स्थानीय स्वशासन को सशक्त करने के लिए किसी भी प्रकार के फण्ड की कमी नहीं है। ग्राम पंचायतों को इसमें स्वायत्ता प्रदान की गयी है। उन्होने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 17 विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 09 थीमों पर सभी को कार्य करने को कहा। उन्होंने जीपीडीपी को बेहतर करने की जिम्मेदारी केवल सचिव और ग्राम प्रधान तक सीमित करने से इंकार किया। जिलाधिकारी ने व्यवहारिक रूप से चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम सभा की बैठकों में आमजनों से भी सुझाव लेकर तथा सभी मन से ग्राम पंचायत को बेहतर करने के लिए अच्छे एवं बुरे दृष्टिकोण से सोचते हुए उत्कृष्ठ बनाने पर कार्य करें। उन्होंने ग्रामों में उपलब्ध प्राकृतिक संशाधनों से शहरी आमजनों के लिए पर्यटन विकसित करने तथा ग्राम पंचायत को स्वत: अतिरिक्त आय के संशाधन विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को सर्वोच्चता के शिखर पर पंहुचाने के लिए गांव का विकसित होना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धरातल स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर जब हम योजना का निर्माण करते हैं तो उस योजना से अधिक लाभ मिलने की संभावना रहती है। जिलाधिकारी श्री बंसल ने सतत विकास के माध्यम से वर्तमान पीढी की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के साथ ही भविष्य के लिए भी संरक्षित करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उप निदेशक पंचायत हरिकेश बहादुर, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा, राज्य स्तरीय प्रशिक्षक प्रमोद कुमार, जिला स्वच्छता सलाहकार देवभास्कर पाण्डेय सहित जीपीडीपी एवं पीडीआई समिति के सदस्य जिला स्तरीय अधिकारीगण, मॉडल ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# अंडर-23 में कुणाल त्यागी का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के क्रिकेट में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। खतौली गांव निवासी और बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले कुणाल त्यागी का सलेक्शन अंडर-23 के बेंगलूर के एनसीए कैंप के लिए हुआ है। इस हाई परफार्मेंस कैंप के लिए देश भर से 25 खिलाड़ी चुने गए हैं। कुणाल त्यागी ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में बेहतरीन गेंदबाजी की थी।कुणाल अपने प्रदर्शन के आधार पर ऑल ओवर इंडिया में तीसरे नंबर पर रहे थे।



सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने बताया कि एसोशिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम के दिशा निर्देशन जिले का क्रिकेट और खिलाड़ी लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं।इसी कड़ी में सहारनपुर को एक नई उपलब्धि हासिल हुई है।खतौली गांव निवासी और बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले कुणाल त्यागी का सलेक्शन अंडर- 23 के बेंगलूर के एनसीए कैंप के लिए हुआ है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस कैंप के हेड हैं। यह कैंप बेंगलुरु में 24 में से 13 जून तक आयोजित किया जा रहा है। लतीफ उर रहमान ने बताया कि इस हाई परफार्मेंस कैंप के लिए देश भर से 25 खिलाड़ी चुने गए हैं। कुणाल त्यागी ने अंडर- 23 सीके नायडू ट्रॉफी में बेहतरीन गेंदबाजी की थी।इसके अलावा कुणाल त्यागी अंडर-19 में भी शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर

सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारीयों अध्यक्ष राजीव गुप्ता, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह,कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण कालरा,संरक्षक अमर गुप्ता,राज कुमार राजू, एपेक्स सदस्य साजिद उमर, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, संयुक्त सचिव महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, सत्यम शर्मा, जीआईएस सचिव रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, विनय कुमार, अर्जुन चौहान, भावना तोमर, आदिल खान, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, अंजर अली, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष,राणा, रविश राठी, राज शेखर, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# किसान यूनियन बेदी अध्यक्ष राहुल गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आरटीओ कार्यालय पर हंगामा करने वाले भारतीय किसान यूनियन बेदी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

राहुल बेदी पर आरोप है कि उन्होंने 100 कार्यकर्ताओं और ई-रिक्शा चालकों के साथ मिलकर ई-रिक्शा चालान माफी, किराया वृद्धि और अन्य माँगों को लेकर प्रदर्शन किया, जिसके दौरान आरटीओ कार्यालय पर ताला जड़ दिया गया और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की व धमकी दी गई। इस घटना से सरकारी कामकाज में बाधा पड़ी और आम लोगों को परेशानी हुई। मामले की शिकायत सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेंद्र बाबू गुप्ता ने की थी, जिसके आधार पर थाना जनकपुरी में मुकदमा संख्या 87/2025 धारा 191(2), 126(2), 121(2), 132, 351(3), 115(2) बीएनएस और 7 क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत दर्ज हुआ। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र नागर के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राहुल बेदी को गिरफ्तार किया। 42 वर्षीय राहुल, गोपाल नगर, नुमाइश कैंप के मूल निवासी और वर्तमान में माधव नगर के निवासी हैं।

जाँच में राहुल का आपराधिक इतिहास सामने आया, जिसमें कोतवाली नगर और सिविल लाइन थानों में मारपीट, धमकी, चोरी और एससी/एसटी एक्ट के तहत चार मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## गांव में लगे सीसीटीवी

**चिलकाना।** सहारनपुर रोड पर पड़ने वाले गांव दाबकी गुर्जर के मेन चौराहों, मुख्य गलियों एवं भीड़भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से ग्राम पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगवाये गए हैं।

गांव में लगवाए गए इन सीसीटीवी कैमरों से इन सभी जगहों पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेंगी। काका प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया है कि ग्राम पंचायत के सभी मजरों, होसी माजरा व अतरगढ़ में ग्राम पंचायत की ओर से रिकार्ड 44 कैमरे लगवाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत में स्थित सभी धार्मिक स्थलों, स्कूलों, चौराहों, मेन गलियों व पंचायत भवन के आसपास कैमरे लगने से गांव की सुरक्षा में इजाफा होगा।

इसके परिणाम आने वाले समय में देखने को जरूर मिलेंगे। उन्होंने बताया है कि इन कैमरों का संचालन ग्राम सचिवालय पंचायत घर से होगा।

# तीन वार्डों में दो करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर ने आज गिल कॉलोनी में एक नाला निर्माण सहित शहर के तीन वार्डो में करीब दो करोड़ रुपये के विकास कार्यो का शुभारंभ किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई भी मौजूद रहे।

आज सुबह वार्ड 37 गिल कॉलोनी में 98 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण कार्य का पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस नाला निर्माण से जल निकासी की सुविधा सुदृढ़ होने के साथ क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। इसके अलावा वार्ड 38 के उत्तम विहार कॉलोनी एवं विष्णुपुरी कॉलोनी में क्रमश: 45 लाख रुपए और 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण





सड़कों के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि हर वार्ड, हर गली और हर कॉलोनी तक विकास की रोशनी पहुंचे, यह हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो का यह सिर्फ शिलान्यास नहीं, बल्कि विकास के साथ विश्वास का एक मजबूत कदम है। निर्माण कार्यो के साथ सहारनपुर हर रोज विकास के नये पायदान चढ़ रहा है। उक्त सड़कों के निर्माण से नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास होगा।

नगर विधायक राजीव गुंबर और भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि सहारनपुर विकास के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद गौरव कपिल, पार्षद अमित मित्तल, मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदी दत्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 मई 2025

# ट्रम्प की पैंतरेबाजी

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नया पैंतरा खेलते हुए एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। भारत अपना ख्याल खुद रख सकता है। याद रहे कि भारत और पाक में सीजफायर में मध्यस्थता का दावा करने वाले ट्रम्प को भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है। अब हमारी समझ में आया है कि जो देश पहले भारत की पाक समर्थित आतंकियों पर कार्रवाई को सही बता रहा था, उसे ने अब एक इनामी आतंकी को गले लगा लिया है। भारत ने उसे साफ कह दिया है कि कश्मीर मामले पर तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं है और यदि पाकिस्तान से बात होती है, तो सिर्फ पीओके वापसी पर ही होगी। भारत को तो बहुत पहले समझ लेना चाहिए था कि अमेरिका दो देशों को लड़ाकर अपना फायदा उठाना चाहता है। कहते हैं कि देर आयद, दुरुस्त आयद। भले ही भारत को ट्रम्प की बात देर से समझ आई है, लेकिन अब साफ जवाब भी दे दिया है। ट्रम्प ने दावा किया था कि उसके कहने पर ही भारत और पाक में सीजफायर हुआ है। उसने केवल अपने ट्वीटर हैंडल पर ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब में भी यही कहा था। अब एक आतंकी को गले लगाने का मतलब ये है कि अमेरिका भी एक आतंकवादी समर्थित देश हो गया है और अब भारत को उससे सचेत रहना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसम्बर में हटा दिया गया था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जो भारत के अलग -अलग राज्यों से पहलगाम घूमने गए थे। इसके बाद सात मई को पाकिस्तान ने देश के तीन राज्यों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर दिया था, जिसे भारत के सुदर्शन चक्र ने विफल कर दिया था। तीन दिन चली गोलीबारी के बाद दोनों देशों के डीजीएमओ में वार्ता होने के बाद सीजफायर हो गया था, जिसका श्रेय अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ले रहे हैं। जो उनका सफेद झूठ है। इस झूठ को क्या कहा जाए, जिस डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय पीएम मोदी ने बहुत अच्छा बताया था, वही अब आतंकवादी के समर्थित लग रहे हैं। अब भारत ने अमेरिका को साफ शब्दों में कह दिया है कि यदि बात होती है, तो केवल द्विपक्षीय होगी। किसी तीसरे की दखल स्वीकार नही है। उधर भारत के चार विश्वविद्यालयों ने तुर्की से समझौते रद्द कर दिए हैं। इनमें जामिया मिल्लिया, जेएनयू, इंदिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## जाति जनगणना निष्पक्ष तरीके से हो



प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन यह उनका दबाव था, जिसने श्री मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया, हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो, ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके, तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई, अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए, देश में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है, इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना व उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी और ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है।

**राहुल गांधी**
**सांसद, कांग्रेस**

# डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी

**श्वेता गोयल**






डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं।

मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए

**डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है, पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं, वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जा रहा है, वह कोई नई बात नहीं है**

अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्राय: गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्राय: बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

**( लेखिका डेढ़ दशक से शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं )**

# प्रकृति के रहस्यों की खोज...

**सत्यवती एम. सिरसाट**

अपने बारे में लिखने बैठें, तो बचपन से जुड़े अनुभव और यादें उभर ही आती हैं। मेरा जन्म कराची में हुआ था, और मेरे पिता के शिपिंग व्यवसाय के कारण हम कई देशों में भटक ते रहे। मेरे माता-पिता कट्टर थियोसॉफिस्ट थे इसलिए उन्होंने मुझे बेसेंट मेमोरियल स्कूल में भेजा, जिसे डॉ. जॉर्ज और रुक्मणी अरुंडेल चलाते थे। रुक्मणी ने कलाक्षेत्र में रहते हुए प्राचीन भारतीय कला और संगीत का पुनर्जागरण किया था। किशोरावस्था में मैंने पॉल डी क्रुइफ की किताब दी माइक्रोब हंटर्स पढ़ी, जिसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। औपचारिक शिक्षा के साथ मुझे सांस्कृतिक धरोहर का भी लाभ मिला। मैंने मुंबई के सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री प्राप्त की। पहली बार जब मैंने प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी से ग्राम पॉज़िटिव व ग्राम नेगेटिव जीवाणुओं की मिली-जुली स्लाइड देखी तो मुझे ऐसा जज़्बाती रोमांच हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकती।

डिग्री प्राप्त करने के अगले ही दिन मैं बिना सोचे-समझे प्रयोगशाला के अध्यक्ष और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट (कैंसर और सम्बंधित रोग) डॉ. वी. आर. खानोलकर के कार्यालय के बाहर खड़ी थी। न कोई फोन कॉल न कोई अपॉइंटमेंट-मैं तो बस उनसे मुलाकात के इंतज़ार में खड़ी रही। करीब दो घंटे बाद उन्होंने मुझे अंदर बुलाया और लंबी बातचीत की। मुझे नहीं पता था कि यह उनका युवाओं का साक्षात्कार लेने का तरीका था। अंत में उन्होंने मुझसे पूछा कि अभी जिस बारे में बातचीत हुई है, क्या मैं वह सब संभाल पाऊंगी। मैंने युवा अक्खड़पन के साथ कहा कि बिलकुल! और इस तरह मेरे विज्ञान के जीवन की शुरुआत हुई।

डॉ. खानोलकर बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वे एक चिकित्सक थे जिनमें वैज्ञानिक सोच तो स्वाभाविक रूप से थी। साथ ही वे कला प्रेमी, भाषाविद और कई भाषाओं के साहित्य के विद्वान भी थे। मैंने उनसे व्यापक वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण सीखा।

1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया। एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी। हम तीन लोगों को विदेश भेजा गया ताकि हम जैव-चिकित्सा अनुसंधान में उपयोगी नई तकनीकों जैसे जेनेटिक्स, टिशू कल्चर और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सीखकर लौटें। विज्ञान के दिग्गजों-हैंसस सेलिये, अल्बर्ट ज़ेंट-गेओरगी, लायनस पॉलिंग, एलेक्स हैडो, चार्ल्स ओबरलिंग और विलियम ऐस्टबरी-की प्रयोगशालाओं में काम करके विज्ञान की विधियों के साथ-साथ, मैंने वह वैज्ञानिक तहजीब भी सीखी जो आधुनिक जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवश्यक है। लौटकर मैंने अल्ट्रास्ट्रक्चरल सायटोलॉजी और डायग्नोस्टिक मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी में भारत की पहली बायोमेडिकल प्रयोगशाला स्थापित की। इस केंद्र में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने लगी, और यह अपने काम के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। इस प्रयोगशाला में हमने कोशिका झिल्ली के सामान्य से असामान्य में परिवर्तित होने, कैंसर, जंक्शनल कॉम्प्लेक्स और कैंसर के फैलाव, वायरस, रक्त, स्तन और नाक के कैंसर पर अध्ययन किए। हमारा मुख्य ध्यान मुंह के कैंसर की कैंसर-पूर्व स्थितियों, जैसे ल्यूकोप्लाकिया और ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस तथा, सच कहूं तो, भारत में पान और तंबाकू के सेवन से फैलने वाले मुंह के कैंसर पर था। प्रयोगशाला में प्रशिक्षित शोधार्थियों को औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के साथ-साथ और भी बहुत कुछ सीखने को मिला। जब बॉम्बे युनिवर्सिटी ने लाइफ साइंसेज़ में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किए तो यह एक वरदान था। मैं हमेशा अस्पताल के गलियारों में पीड़ित मानवता के प्रति जागरूक रही। हम अपने काम के वैज्ञानिक पहलुओं (जैसे इलेक्ट्रॉन हिस्टोकेमिस्ट्री, इम्यून इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन ऑटोरेडियोग्राफी, क्रायोइलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) के साथ-साथ मानवीय पक्ष को लेकर भी सचेत थे। कैंसर रोगियों के जीवन और उनकी मृत्यु की निकटता ने मुझे शांति अवेदना आश्रम-भारत का पहला हॉस्पाइस (मरणासन्न रोगियों का आश्रय)-शुरू करने के लिए प्रेरित किया। मैं इस संस्थान की संस्थापक ट्रस्टी और काउंसलर रही।

**1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया, एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी**

**स्रोत फीसर्च**

मैं यह बता चुकी हूं कि कैसे युवावस्था में रोमांस और यथार्थ ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव डाला और मुझे इस रास्ते पर धकेल दिया। जहां तक मार्गदर्शकों की बात है, मेरे पहले गुरु मेरे पिता थे। वे स्वभाव से एक अध्येता थे जिन्होंने शुरुआत सेंट ज़ेवियर कॉलेज में अंग्रेज़ी के प्रोफेसर के रूप में की थी, लेकिन बाद में शिपिंग के क्षेत्र में चले गए। वे खूब पढ़ते थे और संस्कृत के विद्वान थे। ये गुण उन्होंने अपने बच्चों को भी दिए। वे लेखक भी थे। वैज्ञानिक जीवन में मेरे पहले मार्गदर्शक डॉ. खानोलकर थे, और दूसरे मेरे पति, डॉ. एम. वी. सिरसाट, जिन्होंने मेरे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे बीच उम्र का काफी अंतर था, लेकिन वे मेरे दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। वे एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने ऑन्को-पैथोलॉजिस्ट (कैंसर-निदान विशेषज्ञ) थे, जो सामान्य से रोगग्रस्त अवस्था की ओर संक्रमण, विशेषकर नियोप्लेसिया और दुर्दम्यता (मैलिगनेंसी) के संदर्भ में गहन जानकारी रखते थे। वे नौजवान पैथोलॉजिस्ट्स के बीच बेहद लोकप्रिय शिक्षक थे। जब भी मुझे इस भयावह बीमारी की जटिलताओं से जूझना पड़ता, वे इसे धैर्य और स्नेह से हल कर देते। हमारा यह साथ काफी अद्भुत था। उन्होंने मेरे शोध को हर संभव समर्थन दिया और मेरी पेशेवर उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया।

क्या मैंने कभी अपना करियर बदलने पर विचार किया? नहीं, कभी नहीं! मैं कभी भी अपने पेशे को बदलने के बारे में सोच नहीं सकी। यह सिर्फ एक नौकरी नहीं थी, यह टाटा मेमोरियल सेंटर और पूरी दुनिया की प्रयोगशालाओं में मेरी साधना और तपस्या थी। यह मेरे काम के साथ एक 'प्रेम कहानी' थी, जिसमें मैंने जो ज्ञान अर्जित किया, उसे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के सैकड़ों विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

सेवानिवृत्त के बाद भी मैं टाटा मेमोरियल सेंटर की मेडिकल एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष के रूप में काम करती रही। मैंने 17 साल तक भारतीय विद्या भवन आयुर्वेदिक केंद्र में 'प्राचीन ज्ञान और आधुनिक खोज' पर काम किया। इस कार्य में संस्कृत के ज्ञान ने मेरी काफी मदद की। मैंने वृद्धात्रयी-चरक, सुश्रुत और वाग्भट में कैंसर वर्गीकरण के एक प्रोजेक्ट पर काम किया। यह देखकर हैरानी होती है कि इन प्राचीन विद्वानों के विवरण आधुनिक विज्ञान से कितनी अच्छी तरह मेल खाते हैं। उन्हें विभिन्न ऊतकों (टिश्यू) के ट्यूमर और उनके जैविक व्यवहार, सौम्य और घातक (बेनाइन और मैलिग्नेंट) कैंसर तथा हढी और रक्त कैंसर के बारे में गहरी जानकारी थी। उनके पास तो केवल मानव शरीर, मृत व्यक्ति का बारीकी से निरीक्षण तथा उनका अंतर्ज्ञान ही एकमात्र साधन था। आखिर में युवा वैज्ञानिकों के लिए कुछ बातें: क्या आप एक सम्मानित वैज्ञानिक कहलाना चाहते हैं? जीवन के सिद्धांत सख्त होते हैं! अपने काम के प्रति ईमानदार रहें और खुद से सच्चे रहें। अनुशासन बनाए रखें। अपने साथी वैज्ञानिकों के काम का कभी अपमान न करें। सतर्क रहें दृ अपनी लॉगबुक या रिकॉर्ड में किसी पहले से तय सिद्धांत के अनुसार कभी हेरा-फेरी न करें।

# पाकिस्तान से टेंशन के कम होने के बाद ब्रिटेन के साथ भारत की 'महाडील' पर ध्यान देने की बारी

**अशोक भाटिया**



हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बातचीत के बाद हुआ है।

इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए।



**ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी**

जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए 'प्यार खो देगा'। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से यूके द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# गर्मी में शरीर को हेल्दी और हाइड्रेटेड रखने के लिए जरूर करें इन तीन ड्रिंक्स का सेवन

गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर एक्टिव रहते हैं, फिर चाहे ऑनलाइन हो या फिर चलते-फिरते। गर्मियों में सिर्फ पानी ही काफी नहीं होता, शरीर को ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स की भी जरूरत होती है, जो पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। इससे थकान, चक्कर आना या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आज हम आपको तीन ऐसे कूल और हेल्दी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ आपको तरोताजा रखेंगे, बल्कि आपके गर्मियों के दिनों को भी सुपरचार्ज कर देंगे।

### आम पन्ना...

उन्होंने आम पन्ना की तारीफ करते हुए कहा कि यह पसीने से खोए तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है और विटामिन सी से भरपूर होता है। श्वेता ने आगे कहा कि आम पन्ना पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है और इसमें काला नमक और जीरा पाउडर मिलाने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। यह विटामिन सी का भी एक बेहतरीन स्रोत है, जो गर्मियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### बेल का जूस...

श्वेता ने बताया कि बेल फल, जिसे वुड एप्पल भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका जूस पाचन में सुधार करने और गर्मी से संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होता है। बेल फल के जूस का सेवन करने से आप गर्मियों में अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं।

### फालसा जूस...

श्वेता ने बताया कि फालसा या भारतीय ब्लैकबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसका जूस शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि फालसा जूस एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है और इसका सेवन करने से आप अपने स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकते हैं। श्वेता ने सलाह दी कि जूस को ज्यादा न छानें ताकि इसके पोषक तत्वों का पूरा लाभ मिल सके।

श्वेता ने अपने कैप्शन में इन जूस के सेवन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बेल के जूस में कोई चीनी या स्वीटनर नहीं डालना चाहिए। आम पन्ना में चीनी या गुड़ मिलाने से इसका असर उलट हो सकता है और शरीर निर्जलित हो सकता है।

# ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# भारत में उत्पादन पर ट्रम्प ने एप्पल को चेताया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एप्पल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है। ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ एक कार्यक्रम में एप्पल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, मैंने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया, तुम 500 बिलियन डालर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो।

अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील आफर की है जिसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, टिम, देखो, हमने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में निर्माण करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री आफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपाड्स, एप्पल वाच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एप्पल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एप्पल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। यह मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है। आईफोन के मैन्युफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। IDC के अनुसार, 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28 प्रतिशत था।

## अंबानी ने दोहा में ट्रम्प, अमीर शेख से की मुलाकात

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमेरिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिन्हों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है।

# भारत के हमले: पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ी

### ज्यादा सटीक हमले किए, सैन्य ठिकानों व एयरबेस को बनाया निशाना

**न्यूयार्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चली सैन्य झड़प पिछले 50 सालों में सबसे बड़ी लड़ाई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयर डिफेंस क्षमताओं को परखा और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दोनों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। सैटेलाइट तस्वीरों से पता लगा कि हमले काफी ज्यादा थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं कम था। इनमें भी ज्यादातर हमले भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर किए थे। इस हाई-टेक वारफेयर की जमाने में दोनों पक्षों ने सटीक निशाना साधा। इस लड़ाई में दोनों पक्षों की सेनाओं को नुकसान भी उठाना पड़ा है। भारत ने पांच सैनिकों के नुकसान की बात स्वीकार की है, जबकि पाकिस्तान ने 11 सैनिकों के नुकसान की बात कही है।

हमलों से पहले और बाद की हाई रिजाल्यूशन तस्वीरों से पता चला है कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। ये हमले सीमित और सटीक थे। पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची से 150 किमी से भी कम की दूरी पर मौजूद भोलारी एयरबेस को भारत ने निशाना बनाया। भारतीय सैन्य अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने एक विमान हैंगर पर सटीक हमला किया। सैटलाइट तस्वीरों से भारत का यह दावा सही नजर आया। तस्वीरों में हैंगर वाली जगह पर साफ तौर पर बड़ा नुकसान दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर भारत ने नूर खान एयरबेस को निशाना बनाया। परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी और सिक्योरिटी यूनिट यहां से कुछ ही दूरी पर है। इस लिहाज से यह सबसे संवेदनशील सैन्य टारगेट था, जिस पर भारत ने हमला किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान एयर खान एयरबेस को भी निशाना बनाया।

## मेक्सिको में हुए सड़क हादसे में 21 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मध्य-पूर्वी राज्य पुएब्ला में राजमार्ग दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुएब्ला के आंतरिक मंत्री सैमुअल एगुइलर ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह हादसा तीन वाहनों से जुड़ा हुआ है और इसके कारण कई अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना बुधवार सुबह कुआकनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के किलोमीटर 31 पर हुई। घटनास्थल पर एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घातक टक्कर उस समय हुई, जब एक ट्रक ने विपरीत लेन में जाने से पहले एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और फिर एक बस को टक्कर मार दी, फिर एक परिवहन वैन से टकरा गया।

## शुभांशु शुक्ला 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत अब 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। यह मिशन पहले 29 मई को होना था लेकिन अब लॉन्च शेड्यूल में बदलाव हुआ है। नासा ने एक्स पर बताया-स्पेस स्टेशन की फ्लाइट शेड्यूल के रिव्यू के बाद कई मिशन के लॉन्च तारीखों में बदलाव हुआ है। एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 8 जून शाम 6:41 बजे (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होगा। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

## हमने भारत के घमंड को धूल में मिलाया: पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब प्रांत के सियालकोर्ट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डान न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा-दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डालर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा-अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सरगना मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी करेंसी में) देने का ऐलान किया है। बहावलपुर में जैश के आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की स्ट्राइक में मसूद के परिवार के 14 लोग मारे गए थे। इनमें मसूद की बहन और भांजे-भतीजे शामिल थे।

## इंडोनेशिया में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादी मारे गए

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई सेना ने गुरुवार को कहा कि उसके गश्ती दल ने देश के मध्य पापुआ प्रांत के इंतान जया रीजेंसी में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादियों को गोली ढेर कर दिया। टीएनआई के प्रवक्ता क्रिस्टोमी सियानतुरी ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह चार से पांच बजे के बीच टिटिगी, नडुगुसिगा, जैनडापा, सुगापा लामा और ज़ानम्बा गांवों में गोलीबारी हुई। सियानतुरी के अनुसार गश्ती दल का उद्देश्य शुरू में उन गांवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाएं प्रदान करना था।

## सूडानी छात्र की चाकू घोंपकर हत्या, 6 पकड़े

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के निकट गुरुवार सुबह हुए हिंसक झगड़े में एक सूडानी छात्र की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई तथा अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रूपिंदर भट्टी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस टीम ने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई करते हुए अपराध के पांच घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना आज तड़के लॉ गेट के पास ग्रीन वैली इलाके में हुई, जो कि गांव माहेरू में है- यह अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, खासकर अफ्रीकी देशों से आए छात्रों का आवासीय केंद्र है। तूरा ने बताया कि सतनामपुरा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी और घायल छात्र अहमद मोहम्मद नूर अहमद हुसैन के बयान के अनुसार, वह और मृतक मोहम्मद वादा बाला यूसुफ अहमद, दो सूडानी महिला छात्रों के साथ सुबह की नमाज (नवाज) से लौट रहे थे, जब उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोका।

# सीरिया पर लगे तमाम प्रतिबंध हटे

### 84 करोड़ के इनामी आतंकवादी से मिले ट्रम्प

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला सीरिया को दोबारा तरक्की करने का मौका देगा।

इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टाप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे।

अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डालर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया गया था। ट्रम्प के साथ सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा (दाएं)। इस मुलाकात के दौरान सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (बाएं) भी मौजूद रहे। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता था।

जुलानी 2003 में मेडिकल की पढ़ाई छोड़ अल कायदा नेताओं के संपर्क में आया। उसे अमेरिकी सेना ने 2006 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद अल-शरा ने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्र का गठन किया।

2016 में वह अल कायदा से अलग हो गया और हयात तहरीर अल-शाम HTS की स्थापना की। दिसम्बर 2024 में बशर अल-असद के पतन के बाद जुलानी ने सत्ता संभाली। इसके बाद दुनिया को उसके असली नाम का पता चला।

# कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद में रिकॉर्ड गिरावट



पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित।

**नगर।** कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जहां पिछले तीन दिनों में दक्षिण कश्मीर में छह स्थानीय आतंकवादियों के मारे जाने के बाद सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या एकल अंक पर आ गई है।यह संख्या 1990 के दशक में आतंकवाद शुरू होने के बाद से सबसे कम है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि हालांकि,क्षेत्र में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों की संख्या लगभग 40 है। मंगलवार को, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन स्थानीय आतंकवादी- शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और एहसान उल हक शेख केलर के ऊपरी इलाकों में एक मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, शाहिद दक्षिण कश्मीर में लश्कर के ऑपरेशन कमांडर के रूप में काम कर रहा था।सभी शोपियां के रहने वाले थे।

अवंतीपोरा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार को मुठभेड़ में तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि उनके मारे जाने के साथ ही कश्मीर में अब केवल सात स्थानीय आतंकवादी सक्रिय रह गए हैं। माना जाता है कि शेष बचे अधिकांश आतंकवादी वर्ष 2021 के बाद शामिल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, उनमें से छह दक्षिण कश्मीर में सक्रिय हैं, जबकि एक उत्तरी कश्मीर में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं, हालांकि माना जाता है कि कुछ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मंगलवार की मुठभेड़ से पहले केंद्रीय एजेंसियों ने क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 14 आंकी थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय आतंकवाद में गिरावट का मुख्य कारण हाल के वर्षों में नए आतंकवादियों की भर्ती में भारी कमी है, जिसके साथ-साथ आतंकवादी समर्थन नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई भी की गई है।अधिकारियों ने यह भी नोट किया कि स्थानीय आतंकवादियों की कार्यशैली में बदलाव आया है। पहले के वर्षों के विपरीत, अब वे सोशल मीडिया पर तस्वीरें या दावा पोस्ट करने से बच रहे हैं और अधिक. ांशतः भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका में विदेशी आतंकवादियों को सैन्य एवं सामरिक सहायता प्रदान करना शामिल है, विशेष रूप से जंगली इलाकों में गुरिल्ला शैली में युद्ध करने के लिए मार्ग निर्देशन करने में। सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या हालांकि एकल अंक पर आ गई है, सुरक्षा एजेंसियों को हाइब्रिड आतंकवादियों को लेकर चिताएं बनी हुई हैं। हाल में हुए पहलगाम हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है, जिसमें आतंकवादियों के कई घरों को ध्वस्त करना शामिल है।

## सीईईडब्ल्यू के अरुणाभा घोष कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया के दूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** जलवायु और ऊर्जा के क्षेत्र में एशिया के प्रमुख अध्ययन संस्थानों में एक राजधानी के काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. अरुणाभा घोष को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन -कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया का दूत नियुक्त किया गया है। यह सम्मेलन इस साल नवंबर में 10 से 21 तारीख तक ब्राजील में बेलेम में आयोजित किया जाएगा। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ घोष कॉप 30 के लिए नियुक्त हुए आठ अंतर्राष्ट्रीय दूतों में से एक हैं, जो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दूतों में जैसिडा अर्डर्न, पैट्रिशिया एस्पिनोसा, लॉरेंस ट्यूबियाना और अदनान अमीन (आईआरईएनए के पहले महानिदेशक और कॉप 28 यूएई के सीईओ) जैसी वैश्विक हस्तियां शामिल हैं।

Recruitment For Teaching Staff
Required:
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects
Qualification: As per University/UGC Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

